

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874




वर्ष: 6 अंक: 201 | बुधवार, 23 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीएसएफ करेगी बड़ा सुरक्षा बदलाव

# पाकिस्तान सीमा पर होगी 'ड्रोन स्क्वाड्रन' की तैनाती

नई दिल्ली।

पाकिस्तान के साथ हालिया संघर्ष और ऑपरेशन सिंदूर से सीख लेते हुए भारतीय सीमा सुरक्षा बल बड़ा सुरक्षा बदलाव कर रही है। इस कड़ी में बीएसएफ अपनी चौकियों की छतों और दीवारों को मजबूत कर रही है। इसके साथ बीएसएफ ने पाकिस्तान से सटी सीमा पर निगरानी कड़ी करने के लिए 'ड्रोन स्क्वाड्रन' बनाने का भी फैसला किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की तरफ से हुए ड्रोन हमलों से सबक लेते हुए, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पहली बार भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक खास ड्रोन स्क्वाड्रन बनाने का फैसला लिया है। यह स्क्वाड्रन सीमा पर मौजूद चुनिंदा चौकियों (बीओपी) पर तैनात होगा। इसमें निगरानी, जासूसी और हमला करने वाले ड्रोन शामिल होंगे, जिन्हें खास तौर



पर प्रशिक्षित जवान चलाएंगे। इस स्क्वाड्रन को चंडीगढ़ में मौजूद बीएसएफ के वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर से कंट्रोल किया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने हजारों ड्रोन भेजे, जिनमें एक ने जम्मू के खारकोला पोस्ट पर बम गिराया था। इसमें दो बीएसएफ जवान और एक सैनिक शहीद हो गए थे। इससे सबक लेते हुए बीएसएफ अब अपनी चौकियों की छतों और दीवारों को मजबूत कर रही है ताकि दुश्मन ड्रोन के हमलों को रोका जा सके। इसके साथ ही, रक्षा और खुफिया एजेंसियों की मदद से सीमा पर एंटी-ड्रोन तकनीक लगाने की तैयारी भी की जा रही है। बता दें कि गृह मंत्री अमित शाह ने पहले कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ ने 118 से ज्यादा पाकिस्तानी पोस्ट तबाह कर दी थीं। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। इसमें कई कुख्यात आतंकी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद संघर्ष चरम पर पहुंच गया था। वहीं पाकिस्तान के तमाम हमलों को भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने घुटने टेकते हुए सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू किया था।

## मिग-21 फाइटर जेट की 62 साल की सेवा के बाद हो रही विदाई



नई दिल्ली।

भारतीय वायु सेना रूस निर्मित मिग-21 लड़ाकू विमानों को सिंतबर में सेवानिवृत्त कर देगी। करीब 62 साल तक भारतीय वायुसेना को सेवा देने के बाद मिग-21 को चंडीगढ़ एयरबेस पर एक खास समारोह में विदाई दी जाएगी। मिग-21 को 1963 में वायु सेना में शामिल किया गया था। इस विमान ने 1965, 1971, 1999 और 2019 की सभी बड़ी सैन्य कार्रवाइयों में भाग लिया है। मिग-21 एक हल्का सिंगल पायलट फाइटर जेट है। भारतीय वायुसेना ने पहली बार 1960 में मिग-21 विमानों को अपने बेड़े में शामिल किया था। सोवियत रूस के मिकोयान-गुरेविच डिजाइन ब्यूरो ने इसे 1959 में बनाना शुरू किया था। यह विमान 18 हजार मीटर तक की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। ये एअर टू एअर मिसाइलों और बम को अपने साथ ले जाने में सक्षम है। इसकी स्पीड अधिकतम 2,230 किलोमीटर प्रति घंटे यानी 1,204 नॉट्स (माक 2.05) तक की हो सकती है। 1965 और 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में मिग-21 विमानों का इस्तेमाल हुआ था। 1971 में भारतीय मिग ने चेंगड्डु एफ विमान (ये भी मिग का ही एक और वेरियंट था जिसे चीन ने बनाया था) को गिराया था। ये विमान रूस ने बनाया है कि लेकिन इसमें कई खामियों की वजह से ये क्रैश कर जाता है। इस विमान को रूस ने 1985 में रिटायर कर दिया था। यहां तक की अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने भी इस विमान को रिटायर कर दिया है। खराब रिकोर्ड की वजह से इस विमान के लिए कई उपनाम गढ़े गए हैं, इसे 'विडो मेकर', 'फ्लाइंग कॉफिन' यानी उड़ता हुआ ताबूत कहा जाता है।

## अमित शाह ने स्पीकर ओम बिरला से की मुलाकात

नई दिल्ली।

यायालय के न्यायाधीश अपने आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद कदाचार के आरोपों के चलते पद से हटाए जाने का सामना कर रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत दायर इस प्रस्ताव को भाजपा, कांग्रेस, टीडीपी, जेडी(यू), सीपीआई(एम) और अन्य दलों सहित विभिन्न दलों के सांसदों का समर्थन प्राप्त हुआ। हस्ताक्षरकताओं में सांसद अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, राहुल गांधी, राजीव प्रताप रूडी, सुप्रिया सुले, केसी वेणुगोपाल और पीपी चौधरी



शामिल हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की और सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस मुलाकात में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा होने की संभावना है, जिनके घर से इस साल की शुरूआत में जले हुए नोट मिले थे।

## दान में मिले 199 करोड़ रुपये पर कांग्रेस को देना होगा टैक्स


नई दिल्ली।

कांग्रेस को पार्टी फंड में पड़े 199 करोड़ रुपये पर इनकम टैक्स देना होगा। इसके लिए पार्टी को राहत नहीं मिली है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण या आईटीएटी ने आयकर रिटर्न देर से दाखिल करने और नकद दान सीमा के उल्लंघन के कारण पार्टी के छूट के दावे को खारिज कर दिया है। आईटीएटी ने कहा, ₹2.02.2019 को दाखिल किया गया करदाता का रिटर्न, छूट के लिए पात्र बनाने हेतु निर्धारित तिथि के भीतर नहीं है।₹ कांग्रेस ने 31 दिसंबर, 2018 की निर्धारित तिथि से काफी पहले 2 फरवरी, 2019 को



अपना आयकर रिटर्न दाखिल किया था और शून्य आय घोषित की थी। साथ ही, उसने 199.15 करोड़ रुपये की कर छूट का दावा भी किया था। लेकिन सितंबर 2019 में, मूल्यांकन अधिकारी को जांच के दौरान पता चला कि पार्टी ने 14.49 लाख रुपये के नकद दान स्वीकार किए थे, जिनमें से कई दान कानून के तहत प्रति दाता 2,000 रुपये की सीमा से अधिक थे। 2000 रुपये से ज्यादा का दान चेक या बैंक ट्रांसफर जैसे बैंकिंग चैनलों के माध्यम से दिया जाना है। उसी के हिसाब से पूरी राशि पर टैक्स लगाया गया। जब कांग्रेस ने छूट मांगी तो आईटी विभाग ने 2021 में दावे को अस्वीकार कर दिया। मार्च 2023 में आयकर आयुक्त (अपील) ने निर्णय को बरकरार रखा। ट्रब्यूनल के पास कांग्रेस ने तब अपील की थी, जब पिछले साल कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था।

## हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा राज्यसभा की कार्यवाही



नई दिल्ली।

संसद का मानसून सत्र लगातार दो दिनों से हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। विपक्ष जहां बिहार में चुनाव से पहले मतदाता सूची में हो रहे बदलाव को लेकर हंगामा कर रहा है, वहीं सरकार इसे संवैधानिक प्रक्रिया बता रही है और चर्चा के लिए तैयार है। इस पक्ष-विपक्ष की ओर से कई आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए गए। संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के चलते मंगलवार को पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विपक्ष की मुख्य मांग थी बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण

**मंगलवार के दिन लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही सुबह 11 बजे शुरू हुई, कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी**

(एसआईआर) पर चर्चा कराई जाए और इसे वापस लिया जाए। बता दें कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बाद बार-बार स्थगित होने के कारण सोमवार को सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही नहीं चल सकी थी।

## अब दुश्मन की खैर नहीं!

## भारत पहुंची अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली खेप

नई दिल्ली।

अपाचे हेलीकॉप्टर का पहला बैच भारत पहुंच चुका है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। अमेरिका से आए ये अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भारतीय सेना के बेड़े में शामिल होने वाले हैं। इन्हें जोधपुर में तैनात किया जाएगा। अपाचे हेलीकॉप्टर की गिनती एडवांस कॉम्बेट हेलीकॉप्टरों में होती है। इससे भारतीय सेना की मजबूती में चार चांद लग गए हैं। सेना ने भी अपाचे की एंट्री पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹भारतीय सेना में शामिल हुए अपाचे। यह सेना के लिए ऐतिहासिक पल है। अपाचे हेलीकॉप्टर का पहला बैच भारत पहुंच चुका है। इससे भारतीय सेना की ऑपरेशनल क्षमताओं में इजाफा होगा। बैच 15 महीनों की देरी के



**सेना के पास हुए 25 हेलीकॉप्टर**

बाद मिला है। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने यह हेलीकॉप्टर तैयार किए हैं। भारत ने बोइंग को 2020 में 6 अपाचे हेलीकॉप्टर का ऑर्डर दिया था, जिनकी डिलीवरी पिछले साल ही होनी थी। पहली खेप में अमेरिका से 3 अपाचे हेलीकॉप्टर भारत पहुंचे हैं। भारतीय सेना में पहले से 22 अपाचे हेलीकॉप्टर हैं, जिनके साथ ही अपाचे हेलीकॉप्टर की संख्या 25 हो गई है। अपाचे हेलीकॉप्टर रात में भी दुश्मन पर भारी पड़ सकते हैं। इनमें नाइट विजन के साथ थर्मल सेंसर लगा है, जो रात के अंधेरे में दुश्मन पर सटीक वार करने में सक्षम है। यह हेलीकॉप्टर 60 सेकेंड में 128 मूविंग टार्गेट्स को पहचानकर उन्हें नष्ट कर सकता है। अपाचे की गिनती दुनिया के सबसे एडवांस अटैक हेलीकॉप्टरों में की जाती है। भारत के अलावा अपाचे हेलीकॉप्टर अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, इजरायल और मिस्त्र की सेना का भी अहम हिस्सा हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू से उपसभापति हरिवंश ने की मुलाकात

नई दिल्ली।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। बीते दिन ही धनखड़ ने राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र भेजकर पद से इस्तीफे की बात कही थी। उन्होंने इस्तीफे के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था। उनके इस्तीफे के बाद मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन उपसभापति हरिवंश ने किया। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से



राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की है। यह मुलाकात ऐस समय हो रही है, जब सोमवार शाम को जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर बैठक की एक तस्वीर भी साझा की।

## 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 का अनावरण करेंगे अमित शाह

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय सहकारी नीति का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को समावेशी बनाना, उनका पेशेवर प्रबंधन करना, उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना और विशेष रूप से ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार और आजीविका के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाना है।

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जुलाई को राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 की घोषणा करेंगे। यह कदम अगले दो दशकों, 2025 से 2045 तक, भारत के सहकारिता आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगा। शाह राष्ट्रीय राजधानी स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा करेंगे। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार, नई सहकारिता नीति 2025 का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को पुनर्जीवित और आधुनिक बनाना है और साथ ही जमीनी स्तर पर एक रोडमैप तैयार करके सहकारिता के माध्यम से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करना है। इससे पहले 2002 में, भारत की पहली राष्ट्रीय सहकारी नीति जारी की गई थी, जिसने सहकारी संस्थाओं की आर्थिक गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक बुनियादी ढांचा प्रदान किया था।

मंत्रालय ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में वैश्वीकरण और तकनीकी प्रगति के कारण समाज, देश और दुनिया में कई बड़े बदलाव हुए हैं।



## संपादक की कलम से

### वायनाड त्रासदी

केरल के वायनाड जनपद स्थित कई इलाकों में मंगलवार की रात्रि में भूस्खलन की कई घटनाओं में डेढ़ सौ से अधिक लोगों की मौत और सैकड़ों की गुमशुदगी निश्चित रूप से एक बड़ी मानवीय त्रासदी है। देर रात आई आपदा ने जन-धन की हानि को बढ़ाया है। भूस्खलन से उपजी बड़ी मानवीय त्रासदी इस बात का प्रमाण है कि प्राकृतिक रौद्र को बढ़ाने में मानवीय हस्तक्षेप की भी बड़ी नकारात्मक भूमिका रही है। भूस्खलन और उसके बाद तेज बारिश से राहत व बचाव के कार्यों में बाधा आने से फिर स्पष्ट हुआ है कि कुदरत के रौद्र के सामने आज भी सारी मानवीय व्यवस्था बौनी साबित होती है। ऐसी आपदाएं हमें सबक देती हैं कि भले ही हम कुदरत का कोहराम न रोक सकें लेकिन जन-धन की हानि को कम करने के प्रयास जरूर किये जा सकते हैं। वायनाड के इलाके में तमाम केंद्रीय व राज्य की एजेंसियां तथा सेना राहत-बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है और विस्थापितों को राहत शिविरों में पहुंचाया जा रहा है। साथ ही लापता लोगों को तलाशने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। हालांकि, तेज बारिश व विषम परिस्थितियों से राहत कार्य में बाधा पहुंच रही है। प्रथम दृष्टया इस तबाही को एक प्राकृतिक आपदा के रूप में वर्णित किया जा रहा है, लेकिन जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील इलाके और वन क्षेत्र को लगातार हुए नुकसान जैसे कारकों के प्रभाव को भी नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा जारी भूस्खलन के मानचित्र के अनुसार भारत के भूस्खलन की दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील जिलों में दस जिले केरल में स्थित हैं। जिसमें वायनाड 13वें स्थान पर हैं। वर्ष 2021 के एक अध्ययन के अनुसार केरल में सभी भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील इलाके पश्चिमी घाट में स्थित हैं। जिसमें इडुक्की, एनार्कुलम, कोट्टायम, वायनाड, कोझिकोड और मलप्पुरम जिले शामिल हैं। जाहिर है इस चेतावनी को तंत्र ने गंभीरता से नहीं लिया। दरअसल, यही वजह है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से पश्चिमी घाट के पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति को रोकने के लिये एक कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया है। निस्संदेह, मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि विभिन्न राज्यों में ऐसी आपदाओं से बचाव की तैयारी करने और निपटने के लिये तंत्र को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के तौर-तरीकों पर भी युद्धस्तर पर काम किया जाए। यदि ऐसी आपदाओं से बचाव के लिये प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित कर ली जाती है तो जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। विडंबना है कि केरल के मामले में ऐसा नहीं हो पाया है। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश में आपदा प्रबंधन की दिशा में प्रतिक्रियाशील तंत्र सक्रिय हुआ है और जान-माल की क्षति को कम करने में कुछ सफलता भी मिली है, लेकिन इस दिशा में अभी बहुत कुछ करना बाकी है। इसके साथ ही पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रभाव के बारे में विशेषज्ञों की चेतावनियों पर ध्यान देने की जरूरत है। जिसके लिये राज्य सरकारों की सक्रियता, उद्योगों की जवाबदेही और स्थानीय समुदायों की जागरूकता की जरूरत है। वायनाड की त्रासदी का बड़ा सबक यह है कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण ढंग से इस्तेमाल के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्ध होना होगा।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह

### मत कर धन पे अभिमान

कविता



पाप की जो करी है कमाई तेरे काम ना अयेगी
बेईमानी से अर्जित आई पाप के घर ही जायेगी
मत कर तुम इस धन पे कभी मूरख अभिमान
जैसा कर्म किया है वैसा ही फल पायेगा इन्सान

कोर्ट कचहरी के चक्कर में लुट जायेगी है विधान
वैद्य चोर के घर जाकर ये करेगी उनका ही कल्याण
मत कर तुम इस धन पे कभी मूरख झूठा अभिमान
जैसे कर्म किया है वैसा ही फल पायेगा रे इन्सान

गरीबों मजबूरों की आँसू तुम्हें रूलायेगी रे अनजान
भूखे तड़पते मासुमों की आह लग जायेगी रे नादान
मत कर तुम इस धन पे कभी मूरख झूठा अभिमान
जैसा कर्म किया है वैसा ही फल पायेगा रे इन्सान

जैसा अन्न औलाद को खिलाया है कमा कर जीवन में
वैसा ही मन मष्तिष्क उपजेगा समझ ले फेरा रे जवान
मत कर तुम इस धन पे कभी मूरख झूठा अभिमान
जैसा कर्म किया है वैसा ही फल पायेगा रे इन्सान

धरी रह जायेगी जीवन भर की सारी अवैध कमाई
जिस दिन बुला लेगें वापस तुम्हें परम पिता भगवान
मत कर तुम इस धन पे कभी मूरख झूठा अभिमान
जैसा कर्म किया है वैसा ही फल पायेगा रे इन्सान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।



श्रावण शिवरात्रि आज

# भोलेनाथ पर करें जलाभिषेक

पूरे सावन माह की तरह ही मासिक शिवरात्रि भी भगवान शिव की आराधना के लिए श्रेष्ठ दिन है। सावन माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 02 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 26 मिनट पर हो रही है। वहीं, इस तिथि का समापन 03 अगस्त को दोपहर 03 बजकर 50 मिनट पर होने जा रहा है। मासिक शिवरात्रि की पूजा निशा काल में करने का विधान है। ऐसे में मासिक शिवरात्रि का व्रत 02 अगस्त 2024, शुक्रवार के दिन किया जाएगा। सावन शिवरात्रि पर विशेष रूप से भगवान शिव और मां पार्वती की आराधना करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

### 1 शिवलिंग पर अभिषेक

शिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर दूध, दही, शहद और गंगाजल का अभिषेक करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन भगवान शिव को इन पदार्थों से अभिषेक करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है और जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं। अभिषेक के बाद शिवलिंग पर बेलपत्र, पुष्प और धूप–दीप अर्पित करें। इससे भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है और समस्त पाप नष्ट होते हैं। अभिषेक के दौरान मंत्रः ₹ॐ नमः शिवाय₹ मंत्र का जाप करें।

### 2 व्रत और उपवास

श्रावण शिवरात्रि पर व्रत और उपवास रखना भगवान शिव को प्रसन्न करने का एक महत्वपूर्ण उपाय है। इस दिन निर्जला उपवास रखें और रात्रि भर शिव की आराधना करें। शिवमहापुराण में कहा गया है कि इस दिन व्रत रखने से सभी पाप समाप्त हो जाते हैं और शिव भक्त को अपार पुण्य की प्राप्ति होती है। उपवास के दौरान भगवान शिव की चालीसा, या शिवपुराण का पाठ करें, जिससे भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### 3 रुद्राभिषेक

रुद्राभिषेक भगवान शिव के रूद्र स्वरूप की पूजा का एक महत्वपूर्ण तरीका है। रुद्राभिषेक के दौरान शिवलिंग पर पंचामृत (दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल) अर्पित करें और 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें। इससे न केवल घर में शांति और समृद्धि आती है, बल्कि व्यक्ति की सारी समस्याओं का समाधान भी होता है। रुद्राभिषेक के दौरान इस मंत्र का जाप भी कर सकते हैं। मंत्रः ₹ॐ हौं जूं सः

### 4 शिव पुराण का पाठ

शिवरात्रि के दिन शिव पुराण का पाठ करना भी अत्यंत फलदायी होता है। इस ग्रंथ का नियमित पाठ करने से न केवल आध्यात्मिक उन्नति होती है, बल्कि भगवान शिव की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है। यह उपाय विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो आध्यात्मिक उन्नति और दिव्य कृपा की प्राप्ति चाहते हैं।

### 5 रात्रि जागरण और भजन

श्रावण शिवरात्रि के दिन रात्रि जागरण और भजन संकीर्तन करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन भगवान शिव के भजन, कीर्तन और 'शिव महिम्न स्तोत्र' का पाठ करने से मन को शांति मिलती है और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

### 6 दान और सेवा

. शिवरात्रि पर दान और सेवा का महत्व भी अत्यधिक है। गरीबों, ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और अन्य सामग्री दान करना चाहिए। दान और सेवा से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख और समृद्धि का आगमन होता है।

## घर में कैसे रखें गंगाजल

**गंगाजल रखने का स्थान**

- आप यदि किसी भी तीर्थस्थल पर जाते हैं तो वहां गंगाजल हमेशा प्लास्टिक की बोतल में मिलता है। हम लोग उसी बोतल को घर ले आते हैं और उसी प्लास्टिक की बोतल में गंगाजल रखते हैं, ऐसा करना इस जल की पवित्रता को भंग करता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी प्लास्टिक को विषैला माना गया है और यह जल प्रदूषण का भी एक कारण माना जाता रहा है।
- जहां तक संभव हो गंगाजल को चांदी के पात्र में रखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहींकर पाते हैं तो आप तांबे या पीतल के बर्तन में गंगाजल को भर कर रख सकते हैं। प्लास्टिक में रखा गंगाजल आपके किसी भी कार्य की शुद्धता के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता और ना ही आपकी कोई मनोकामना पूर्ण कर सकता है।
- अपने कमरे या घर के कोने में गंगा जल रखें। हालाँकि, उस स्थान को साफ रखना सुनिश्चित करें। इस कारण से,संभ हो तो गंगाजल को पूजा घर में रखने का प्रयास करें।
- इस बात का विशेष ध्यान रखें कि चाहे जिस भी कमरे में गंगाजल रखें लेकिन वहां तामसिक भोजन का सेवन न करें। इसके साथ ही कमरे के ईशान कोण में ही गंगाजल रखें।
- गंगाजल को रखने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और यह ऊर्जा बनी रहती है। लेकिन ध्यान रहे कि इसे अंधेरे कमरे या अंधेरे कोने में कभी ना रखें। साथ ही इसे प्रयोग करने से पहले हाथ धो लें और पहले प्रणाम करने के बाद ही उपयोग में लाएं।

## कैसे करें गंगाजल का प्रयोग

- शिव भगवान को जल अर्पित करें उसमें थोड़ा सा गंगाजल मिला दें और फिर शिव भगवान का अभिषेक करें, ऐसा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं।
- घर के मंदिर में श्री ठाकुर जी के चरणामृत स्वरूप तांबे के लोटे में जल में कुछ बूंदे गंगाजल की व तुलसीदल डालकर रखें। इस पवित्र प्रभु के चरणामृत का सभी सेवन करें।
- शनिवार की शाम को पीपल के पेड़ के नीचे मिट्टी के दिये में सरसों का तेल डालकर जलाएं। इसके पश्चात एक लोटा जल में कुछ बूंदे गंगाजल की डालकर उसे इसकी जड़ों में अर्पित करें। आर्थिक परेशानियां दूर होने के साथ ही इससे घर में धनागमन के नए रास्ते खुलेंगे और घर में धन बना रहेगा।

अपने घर को बुरी शक्तियों, बुरी नजर आदि जैसी नकारात्मक ऊजाओं से बचाने के लिए रोजाना अपने घर में गंगा जल का छिड़काव करें। आप इसे दिन के किसी भी समय कर सकते हैं। अगर यह संभव न हो तो कम से कम सुबह के समय घर के मुख्य दरवाजे पर गंगा जल जरूर छिड़कें।

## सावन मास का महत्व एवं शिव की शरण

**वेलकम इंडिया**

सावण मास को मासोत्तम मास कहा जाता है। सावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है। यह माह अपने हर एक दिन में एक नया सवेरा दिखाता। इसके साथ जुडे.समस्त दिन धार्मिक रंग और आस्था में डूबे होते हैं। इस माह की प्रत्येक तिथि किसी न किसी धार्मिक महत्व के साथ जुड़ी हुई होती है। शास्त्रों में सावन के महात्म्य पर विस्तारपूर्वक उल्लेख मिलता है। श्रवण नक्षत्र तथा सोमवार से भगवान शिव शंकर का गहरा संबंध है। इस मास का प्रत्येक दिन पूर्णता लिए हुए होता है। धर्म और आस्था का अटूट गठजोड़ हमें इस माह में दिखाई देता है। इसका हर दिन व्रत और पूजा पाठ के लिए महत्वपूर्ण रहता है। देवों के देव शिव की भक्ति के लिये सावण मास का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए यह समय भक्तों और साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। इस समय सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं और वे समाज उपेक्षितों, भक्तों एवं पीड़ितों की सहायता करते हैं।

सावन मास की अनेकानेक विशेषताएं एवं अलौकिकताएं हैं। मनीषियों का कहना है कि समुद्र मंथन भी श्रावन मास में ही हुआ। इस मंथन से 14 प्रकार के तत्व निकले। उसमें एक कालकूट विष भी निकला, उसकी भयंकर ज्वाला से समस्त ब्रह्माण्ड जलने लगा। इस संकट से व्यथित समस्त जन भगवान शिव के पास पहुंचे और उनके समक्ष प्रार्थना करने लगे, तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने सृष्टि को बचाने हेतु उस विष को अपने कंठ में उतार लिया और उसे वहीं अपने कंठ में अवरूद्ध कर लिया। इस प्रकार इनका नाम नील कंठ पड़ा। इसके बाद देवताओं ने भगवान शिव को जहर के संताप से बचाने के लिए उन्हें गंगाजल अर्पित किया। इसके बाद से ही शिव भक्त सावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। ज्योतिलिंर्गों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल प्राप्त होते हैं तथा शिवलोक की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है।जैसे कि जल से वर्षा और शीतलता की प्राप्ति होती है। दूग्ध अभिषेक एवं घृत से अभिषेक करने पर योग्य संतान की प्राप्ति होती है। ईख के रस से धन संपदा की प्राप्ति होती है। कुशोदक से समस्त व्याधि शांत होती है. दधि से पशु धन की प्राप्ति होती है और शहद से अभिषेक करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। इस महीनें में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पंचाक्षर मंत्र इत्यादि शिव मंत्रों का जाप शुभ फलों में वृद्धि करने वाला होता है और जीवन रक्षक माना गया है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का एक अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं।

-ललित गर्ग



# विकास भवन सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा वाटरशेड सेल कम डाटा सेंन्टर डब्ल्यू0सीडडी0सी समिति की बैठक आयोजित हुई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




बिजनौर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर डब्ल्यू0सी0डी0सी0 (हउऊउ) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने उपस्थित सभी को भूमि संरक्षण इकाई में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास (तालाब योजना) योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना एवं जलागम विकास घटक- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- 2.0 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय कृषि विकास के तालाब योजना के बारे में उन्होंने बताया कि इस बार जनपद का 54 तलाबों का लक्ष्य शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है, इच्छुक लाभार्थी कृषक पोर्टल पर बुकिंग करते हुए तालाब योजना का लाभ उठा सकते हैं, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर परियोजनाओं का चयन किया गया है। उन्होंने जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कृषकों की सहभागिता को अधिक से अधिक प्राप्त करते हुए जल संचय, मृदा संरक्षण, फसलों उत्पादन, बागवानी, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नैडेफ, वर्मी कंपोस्ट, कृषि यंत्रीकरण आदि के लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिए जाने के बारे में दिशा निर्देश दिए गए माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सकेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किसानों को उक्त योजनाओं में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने हेतु लाभार्थी कृषकों को समय अनुसार बीज आदि की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आलोक वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी आर्यन सिंह, लीड बैंक मैनेजर अखिल सिंह, जिला पंचायत सदस्य किरतपुर संजीव मलिक, ब्लॉक प्रमुख नहटोर राकेश सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर के के सिंह आदि अन्य विभागों के अधिकारी गण एवं भूमि संरक्षण कार्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ से आ रही उत्तराखंड रोडवेज बस अचानक से पलट गई एक की मौके 8 घायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




बिजनौर दिल्ली नेशनल हाईवे बैराज रोड पर टनकपुर डिपो उत्तराखंड रोडवेज बस का पहिया गड्ढे में जाने के कारण बस पलट गई बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई बस में सवार यात्रियों में से एक यात्री की मौके पर मौत हो गई और 8 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए बस पलटने की सूचना स्थानी पुलिस को दी गई तो मौके पर स्थानी पुलिस प्रशासन पहुंचा और मौके पर पहुंच कर बस में यात्रियों को बाहर निकाला और घायल यात्रियों को स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भिजवाया मौके पर पहुंची पुलिस ने ? मृतक के शव की शिनाख्त करानी चाही लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई मृतक के शव को जिला अस्पताल में भेज दिया गया सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी में बताया गया कि टनकपुर डिपो की बस चंडीगढ़ से चलकर टनकपुर की ओर जा रही थी जैसे ही सोमवार की रात करीब 1:00 बजे बैराज सैनी ढाबे के समीप पहुंची तो गड्ढा होने के कारण बस पलट गई वहीं पुलिस का मानना है कि बस चालक को नींद आने के कारण बस आमंत्रित हो गई और सड़क किनारे गड्ढा होने के कारण पलट गई बस पलटने के कारण बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला और घायलों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया और बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई

# भोलों की सेवा में जुटे सपा नेता मुमताज आलम, कांवड़ सेवा शिविर में बांटी श्रद्धा और सेवा



**वेलकम इंडिया**

**किठौर।** सावन के पवित्र माह में कांवड़ यात्रा के दौरान मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेता मुमताज आलम व पूर्व प्रधान युसूफ खान ने अपने गृह क्षेत्र में आयोजित कांवड़ सेवा शिविरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं की सेवा की। सेवा शिविर में मुमताज आलम ने कांवड़ियों को जल, शरबत, फल एवं प्रसाद वितरित किया और उनकी हरसंभव सहायता की। शिविर में भोलों के लिए विश्राम, प्राथमिक चिकित्सा और ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई थी। स्थानीय लोगों और शिवभक्तों ने मुमताज आलम के इस सेवा कार्य की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया। भक्ति, सेवा और समर्पण की इस मिसाल ने क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश भी दिया।

# नजीबाबाद शिव भक्तों की सेवा के उद्देश्य से किया विशाल भंडारे का आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद हरिद्वार रोड पर स्थित स्वयंभू मोटा महादेव परिसर में आज नजीबाबाद शहर की हिमालय कॉलोनी निवासी संजय राजपूत, जोगेंद्र शर्मा एडवोकेट, सतीश शर्मा, शिक्षक नेता मा देवेंद्र शर्मा ने अपने सभी साथियों मित्र संबंधियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें शिक्षा विभाग के अनेक शिक्षक शिक्षिकाओं खंड शिक्षा अधिकारी स्थानीय राजनीतिक सामाजिक गणमान्य नागरिकों ने हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्तों की निशुल्क भोजन व्यवस्था की सभी ने बड़े श्रद्धा भाव से शिव भक्तों की सेवा की इस अवसर पर संजय राजपूत एवं मा देवेंद्र सिंह ने कहा कि श्रावण माह में कठिन तपस्या करके हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लाकर स्वयंभू मोटा महादेव एवं अन्य शिवालयों में शिव भक्त जलाभिषेक करते हैं जिससे अपार धर्म लाभ होता है उनकी सेवा करने से भी मनुष्य को आत्मिक शांति एवं धर्म लाभ की प्राप्ति होती है इसलिए अपनी अपनी क्षमता अनुसार सभी को शिव भक्तों की सेवा करनी चाहिए आज हिमालय कॉलोनी के सभी साथियों सहयोगियों द्वारा इस विशाल भंडारे का आयोजन सभी के सहयोग से हुआ है उन्होंने भविष्य में थी इसी तरह के आयोजन मिलजुल कर करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता अभय राज शर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, डॉ रितेश सेन, आचार्य विक्रम सिंह, आचार्य मनोज रूहेला, शैलभ देशवाल, मोहित चौहान, अतुल रूहेला, मा दिलशाद अहमद, संदीप शर्मा, नवनीत आर्य, अश्वनी शर्मा, एड संदीप चौधरी, एड जितेंद्र सिंह, अभिनव अग्रवाल, करने सिंह, मनोज चौहान, सीमा तोमर, मुकेश देवरानी, जितेन्द्र सिंह, पीताम्बर सिंह, अंजू शर्मा, मुकेश देवरानी, संजय चौहान, माधुरी चौधरी, दीपक महेन्द्रा, पुनीत साहनी, राजू सिंह, सुनीता, अमित राजपूत, अमित त्यागी, ने पंडित शशि नाथ जी द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया तत्पश्चात शिव भक्तों की सेवा की गई।

# हिंदू मुस्लिम भाईचारे के प्रतीक नावेद जंग ने किए शिव भक्तों को फल वितरण

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक एडवोकेट नावेद जंग ने अपनी टीम के साथ मिलकर सैकड़ो शिव भक्तों को फल वितरण किए एवं चिकित्सा शिविर लगाकर शिव भक्तों को मरहम लगाकर उनकी निस्वार्थ सेवा की। आस्था एवं तपस्या के प्रतीक सावन माह में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शिव भक्त अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। अधिकांश शिव भक्त अपनी अपनी यात्रा पूर्ण कर चुके हैं जबकि कुछ पूर्ण करने वाले हैं। मंगलवार को बुढ़ाना मार्ग स्थित रेलवे फाटक के समीप कस्बा निवासी हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक कांधला विकास मंच के महासचिव एडवोकेट नावेद जंग ने अपने टीम के साथ मिलकर शिव भक्तों की सेवा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने हिंदू मुस्लिम भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए सैकड़ो शिव भक्तों को अपने हाथों से फलों एवं पानी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा शिविर लगाकर शिव भक्तों को मेडिकल सुविधा प्रदान करते हुए पैरों में छाले पड़ जाने के कारण मरहम लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांधला नगर एवं क्षेत्र हमेशा से हिंदू मुस्लिम एकता भाईचारे का प्रतीक रहा है यहां पर सभी लोग एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हुए त्योहारों में भी शामिल होते हैं। इस दौरान उनके साथ अमन मित्तल, अमित गर्ग सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने सहपऊ थाने मे नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष का रिबन काटकर किया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा व अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार द्वारा थाना सहपऊ जनपद हाथरस परिसर मे नवनिर्मित महिला हेल्प डेस्क व आगंतुक कक्ष का रिबन काटकर उद्घाटन तथा प्रशासनिक भवन व थाना प्रभारी कक्ष का जीर्णोद्धार किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सादाबाद अमित पाठक, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्यामवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी सिकंद्राराऊ जेएन अस्थाना, थाना प्रभारी थाना सहपऊ व थाना सहपऊ के अधिकारी-कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि महिला हेल्प डेस्क पर 247 घण्टे महिला आरक्षी की ड्यूटी रहती है। जिनसे क्षेत्र की महिलाएं अपनी किसी भी समस्या अथवा शिकायतों को बिना झिझक के साझा-दर्ज करा सकती है तथा महिला हेल्प डेस्क पर महिलाओं व बालिकाओं के लिए बनाये गये कम्प्यूटर सुविधा केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जहां कोई भी आकर अपनी जॉब अथवा किसी प्रकार के फॉर्म भर सकता है। कंप्यूटर सुविधा केंद्र में तकनीकी सहायता हेतु थाने पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर से सहायता ली जाएगी। तथा पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला हेल्प डेस्क पर बने रजिस्टरो का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

थाने पर आमजन के बैठने हेतु आगंतुक कक्ष बनने से थाने पर आने वाले फरियादी-शिकायतकताओं के लिए बैठने की व्यवस्था व पीने के लिए पानी आदि की व्यवस्था की गयी है, जिससे पीड़ित-शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# बीस दिन में दो बार टुटी रजवाहे की पटरी, किसानों की फसल जलमग्न

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी दर्जनों किसानों के खेत में राजवाहें की पटरी टूट जाने से पानी भर गया पानी भर जाने से फसल जलमग्न हो गई, किसानों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। किसानों ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के समीप से फजलपुर राजवाहा होकर गुजरता है। रजवाहे की पटरी काफी दिनों से जर्जर हालत में हो गई है रजवाहे की पटरी कई बार टूट जाने से किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। किसान जयवीर सिंह, अक्षय, यशवीर, नरेंद्र, अंकित अफजल, बासा, जयपाल फौजी, यशपाल प्रधान, सुरेश, राजेंद्र सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि लगभग 20 दिन पूर्व राजवाहे की पटरी टूट गई थी पानी भर जाने से किसानों की फसल खराब हो गई थी किसानों ने सिंचाई विभाग को सूचना दी थी। आरोप है कई दिन बीत जाने के बाद भी सिंचाई विभाग ने जानकारी नहीं ली पीड़ितों ने डीएम शामली से शिकायत की तो फटकार के बाद सिंचाई विभाग ने पटरी की मरम्मत की थी। मंगलवार को दोबारा फिर से रजवाहे की पटरी टूट गई पटरी टूट जाने से किसानों की सैकड़ो बीघा फसल पानी से जलमग्न हो गई किसानों का आरोप है कि बार-बार फसल में अधिक पानी पहुंच जाने के कारण फसल बर्बाद हो गई है। किसानों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर मुआवजे की मांग की है।

# रिश्तेदारों पर मारपीट करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना से क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अलग-अलग दो व्यक्तियों ने अपने रिश्तेदारों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी नाजर पुत्र मीरहसन ने बताया कि उसने अपनी पुत्री अंजुम की शादी दो वर्ष पूर्व झिंझाना शेत्र के गांव औदरी निवासी जावेद पुत्र इकराम के साथ की थी कई दिन पुर्व उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। पीड़ित की पुत्री मायके मे रही है सोमवार देर शाम अपनी पुत्री अंजुम के साथ कस्बे में दवाई लेने के लिए आया था वापस स्कूटी पर सवार होकर जा रहा था। आरोप है की उसके दामाद ने कई लोगों के साथ मिलकर पीड़ित व उसकी पुत्री को गंगेरू मार्ग पर एक फैक्ट्री की निकट रोक लिया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शौर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। दूसरी और गांव गढ़ी दौलत निवासी आरोपी ने बताया की उसने अपनी पुत्री नामरीन की शादी 4 वर्ष पूर्व कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुरा निवासी इशरान पुत्र जमशेद के साथ की थी। एक वर्ष से उसकी पुत्री मायके मेरे रही है मंगलवार को पीड़ित का दामाद अपनी मां व अन्य दो लोगों को लेकर पीड़ित के घर पर पहुंचा और पीड़ित की पुत्री व पीड़ित के साथ मारपीट कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों व्यक्ति की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# तथास्तु सेवा समिति द्वारा संचालित कावड़ सेवा शिविर में पहुंची बड़ी हस्तियां

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ में तथास्तु सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा व टीम के द्वारा शिव भक्तों की सेवा निरंतर जारी है जिसमें शिव भक्तों के लिए सात्विक जलपान, भोजन उत्तम विश्राम की व्यवस्था के साथ चिकित्सा व्यवस्था भी चलाई जा रही है।

तथास्तु सेवा समिति के शिविर में निरंतर पूज्य संतो व सामाजिक, राजनीतिक लोगों का आवागमन चल रहा है। तथास्तु सेवा समिति के शिविर में पूज्य महामंडलेश्वर डॉ महेश योगी महाराज महंत हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम व पूज्य छविंद्र नाथ महाराज, उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर, केंट विधायक अमित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल शारदा, बलराज डूंगर, विजेंद्र अग्रवाल, तथा संघ परिवार के लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। दिल्ली रोड से निकलने वाले सभी शिव भक्त कांवड़ियों की निरंतर सेवा की जा रही है। गोपाल शर्मा ने बताया कि तथास्तु सेवा समिति का कांवड़ सेवा शिविर रामेश्वरम शिव मंदिर निकट रिठानी मेट्रो स्टेशन दिल्ली रोड मेरठ में चल रहा है यह शिविर 22 जुलाई 2025 की शाम तक सेवा प्रदान करेगा। शिविर का संचालन करने में मुख्य रूप से प्रताप विराज मिश्रा, गुलाब सिंह, अमित भारद्वाज, निहारिका गोयल, विनीत गोयल, इंद्रजीत, यश गोस्वामी, इंदु रानी, रजनी, गौरव विश्वकर्मा, अंकित शर्मा, आशीष वत्स, सिद्धार्थ में अन्य सहयोगी निरंतर सेवा प्रदान कर शिविर को सुचारू रूप से चला रहे हैं।

# अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**मुरसान।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव गुप्ता ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरसान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ चन्द्रवीर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 26 जून को किये गये औचक निरीक्षण की अनुपालन आख्या आज दिनांक तक उपलब्ध नही करायी गयी, जो कि खेद का विषय है। उपस्थिति पंजिका में पाया गया कि नियमित स्टॉफ पंजिका में दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ मितांशी सिंह का 31 जुलाई 2025 तक उपार्जित अवकाश अंकित था। संविदा स्टाफ पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि स्टाफ नर्स संगम एवं सपना द्वारा उपस्थिति दर्ज नही की गयी थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सपना सायंकालीन एवं संगम रात्रि ड्यूटी में है। तदोपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रसव कक्ष एवं प्रसव वार्ड का भ्रमण किया गया। वार्ड में एक प्रसूता खूशबू पत्नी इमरान निवासी-कोटा, आशा-डोली भर्ती थी। भुगतान की स्थिति जानने पर प्रसूता द्वारा अवगत कराया गया कि उनका बैंक खाता अभी तक नही खुला है। आशा डोली द्वारा प्रसूता का बैंक खाता अभी तक नही खुलवाने पर, प्रसव पूर्व कार्यो हेतु आशा को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन राशि 300 प्रदान न करते हुये इनके अन्य लाभार्थियों को इनके द्वारा दी गयी प्रसव पूर्व समस्त सेवाओं के अभिलेखों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक प्रशान्त शर्मा को निर्देशित किया गया एवं अपनी आख्या 3 कार्य दिवसों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर वर्षाजल संचयन के लिए लगभग 900 पिट्स का प्रभावी तंत्र बनकर तैयार

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** नमो भारत परियोजना के आरंभ से ही एनसीआरटीसी पर्यावरणीय सततता के प्रति जागरूक रही है और इसके लिए निरंतर प्रयास करती रही है। कॉरिडोर के एलिवेटेड खंड में वर्षा जल संचयन के लिए स्टेशनों, डिपो और वायडक्ट के साथ रिचार्ज पिट या वर्षा जल संचयन संरचनाओं का प्रावधान इस दिशा में बढ़ाया गया एक ऐसा ही सार्थक कदम है। दिल्ली में सराय काले खां से मेरठ में मोदीपुरम तक लगभग 900 वर्षा जल संचयन संरचनाओं या रिचार्ज पिट के एक प्रभावी तंत्र का निर्माण किया जा रहा है, जो लगभग पूरा कर लिया गया है। 82 किमी लंबे नमो भारत कॉरिडोर का लगभग 70 किमी का हिस्सा एलिवेटेड है और बाकी भूमिगत है। कॉरिडोर के एलिवेटेड हिस्से में वर्षा जल संचयन पिट्स वायाडक्ट स्पैन के नीचे सड़क डिवाइडर वाले भाग में बनाए जा रहे हैं। वहीं स्टेशनों के प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वारों पर 2-2 वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए जा रहे हैं। वर्षाजल का कैचमेंट वायाडक्ट और स्टेशन की छत पर किया जा रहा है। स्टेशनों में बनाए गए प्रत्येक पिट का व्यास 2 मीटर और गहराई 2.5 मीटर है और प्रत्येक पिट में लगभग 6500 लीटर वर्षा जल एकत्रित करने की क्षमता है। वहीं वायडक्ट के नीचे बनाए गए पिट्स की लंबाई-चौड़ाई 2.9 ७ 1.5 मीटर, गहराई 1.5 मीटर है और प्रत्येक पिट में लगभग 8700 लीटर वर्षाजल एकत्रित करने की क्षमता है। योजना के तहत वायाडक्ट के नीचे एक स्पैन के अंतराल पर एक वर्षा जल संचयन पिट बनाया जा रहा है। स्पैन के नीचे पिलर्स के पास जमीन में आमने-सामने दो छोटे वॉटर चैंबर बनाए गए हैं, जो पाइपों के जरिये ऊपर वायाडक्ट से जुड़े हैं। इन दोनों चैंबर्स के बीच में एक रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाया गया है। इन दोनों चैंबर्स को पाइपों के जरिये पिट से जोड़ा गया है। वर्षा के दौरान वायाडक्ट से वर्षा जल पाइपों की मदद से पहले इन दो चैंबर्स में आएगा और फिर रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट्स के रास्ते भूमि में समा जाएगा। इन पिट्स में वर्षाजल को साफ करने के लिए रोड़ी और बालू के तीन परत वाले फिल्टर्स भी बनाए जा रहे हैं, ताकि जमीन के भीतर गंदगी मुक्त जल ही पहुंचे। ट्रेनों के रखरखाव और संचालन के लिए दो डिपो, एक दुहाई (गाजियाबाद) में और एक मोदीपुरम (मेरठ) में, बनाए जा रहे हैं। दुहाई स्थित डिपो का निर्माण पहले ही पूरा कर लिया गया है और कॉरिडोर पर ट्रेनों का परिचालन और प्रबंधन यहीं से किया जा रहा है। यहाँ वर्षा जल संचयन के लिए 20 पिट्स का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त यहाँ क्रमशः 1160 स्क्वायर मीटर और 663 स्क्वायर मीटर आकार के दो बड़े तालाब भी बनाए गए हैं। इन तालाबों की गहराई 4 से 5 मीटर है और इनके तलों में वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, ताकि इनमें एकत्रित होने वाला वर्षाजल भू-गर्भ तक पहुंच सके। एक तालाब में 4 और दूसरे में 3 वगार्कार वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं, जिनकी गहराई 1.2 मीटर और व्यास 2.5 मीटर है। इन दोनों तालाबों में 66 लाख लीटर से अधिक वर्षा जल संग्रहित किया जा सकेगा। अत्यधिक वर्षा की स्थिति में वर्षा जल संचयन पिट्स से बचने वाला अतिरिक्त वर्षा जल इन तालाबों में जाकर एकत्रित होगा और उसके बाद भू-गर्भ में समा जाएगा। इसके साथ ही इन तालाबों में एकत्रित होने वाले वर्षा जल से डिपो के पौधों को भी सींचा जा सकेगा।

# औघड़नाथ मंदिर निरीक्षण को पहुंचे कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन मंदिर मार्ग पर पर झाड़ू लगा कर स्वच्छता का दिया संदेश

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**




**मेरठ।** कांवड़ यात्रा 2025 सावन के दुसरे सोमवार को श्री बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर के आसपास सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन इस अवसर पर प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्री हुसैन ने मंदिर मार्ग पर झाड़ू लगा कर एक संदेश अपने स्टाफ एवं सफाई कर्मचारियों के साथ साथ कैंट की जनता को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। श्रावण मास के चलते औघड़नाथ मंदिर में शिव भक्त की संख्या बढ़ रही है वहीं श्रद्धालुओं का भी तांता लगा है सोमवार को सीईओ ने सभी सफाई कमीर्यों की परेड कराई और हनुमान चौक से नैंसी चौराहा औघड़नाथ मंदिर से बालाजी मंदिर तक साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया उन्होंने बताया कांवड़ यात्रा को लेकर पेड़ों की छंटाई, कांवड़ मार्ग को गढ्ढा मुक्त, स्ट्रीट लाइट और रोड की सफाई के सेनेटरी विभाग अधिक्षक वीके त्यागी एवं इंस्पेक्टर अभिषेक गंगवार लगातार सफाई कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम में लगे हैं उनके द्वारा भी कांवड़ मार्ग के अलावा पुरे कैंट एरिया का निरीक्षण किया जा रहा है।

# कीड़ों से युक्त दरिया लेकर एसडीएम से मिली: महिलाएं



**वेलकम इंडिया**

**कैसरगंज बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जरवल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत हैदरपुर नौबस्ता (अचेहरा) के आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरुद्ध महिलाओं ने एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह से शिकायत की है आरोप है कि साल छह महीने पर एक बार दलिया आदि का वितरण होता है वह भी पूरी तरह से साड़ी और कीड़ों से युक्त दरिया को लेकर गांव की महिलाएं एसडीएम को भी नमूने के तौर पर दिखाया है खैर फिलहाल महिलाओं की ओर से शिकायती पत्र सौंप कर कार्यवाही की मांग की है मामले में एसडीएम ने बताया कि जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# सोते रहा वन विभाग और पुलिस विभाग हरे सरकारी पेड़ों पर आरा चला रहे: माफिया

**वेलकम इंडिया**



**कैसरगंज/ बहराइच** तहसील क्षेत्र कैसरगंज में लगातार चाहे हो रहे राजस्व नुकसान पर प्रसाशन को ठोस कदम उठाना चाहिए फिर चाहे वह अवैध मिट्टी खनन का मामला हो या सार्वजनिक जमीनों पर अतिक्रमण मामला के साथ साथ उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम की मुहिम वाले वन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश में चलाई जा रही है। जिसमें बड़े-बड़े नेता और जिले के सक्षम अधिकारी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर समाचार पत्रों की सुर्खियां में आते हैं, उन्हें इस बात की चिंता जरा सी भी नहीं कि जो पेड़ हम आज लगा रहे हैं वह कितने वर्षों बाद जाकर तैयार होगा हमारी कुर्सी और हमारा जिला रहे ना रहे क्या इन पेड़ों की देखभाल होती रहेगी। पौधा रोपण के बाद अक्सर यह प्रश्न और सवाल हर जिम्मेदार के जहन में पैदा होता है लेकिन मूर्त रूप नहीं ले पाता। ऐसे में वर्षों पुराने वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग इत्यादि के द्वारा सड़क के किनारों की खाली पड़ी सरकारी जमीन पर लाखों वेश कीमती पेड़ पूर्व में लगाए गए थे, जिनका दोहन वर्तमान समय में वन माफिया हरे पेड़ों पर आरा चलकर मोटी कमाई कर रहे हैं और जिम्मेदार प्रशासन के अधिकारी धृष्टराष्ट्र की भांति आंखों में पट्टी बांधे हुए हैं इसका ज्वलंत उदाहरण कुंडासर से हुजूरपुर मार्ग पर स्थित इटहुआ पुल के किनारे पर सरकारी जमीन में लगे शीशम, गूलर, शिव बाबुल और सेमल के पेड़ों पर कटान चालू है और जिम्मेदार मौन है। जब उन अधिकारियों को कोई समाजसेवी अथवा पत्रकार सूचना देता है तो उन्हें स्थान ही नहीं पता होता है। वह सूचना देने वाले से ही स्थान के बारे में गहनता से पूछताछ करते हैं और कार्रवाई करने की बात कह करके अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में पेड़ लगाना तो दूर पेड़ों की सुरक्षा का भी प्रश्न अहम होना चाहिए वन विभाग और पुलिस विभाग पर। मामले के सम्बन्ध में एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह अभी तुरंत मौके पर पुलिस हुआ राजस्व विभाग की टीम को भेज कर मामले में कार्यवाही कराई जा रही है।

# दहेज की मांग पूरी नही हुई तो विवाहिता को घर से निकाला

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक विवाहित महिला ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नही होने पर पति सु ससुराल के लोगों पर मारपीट कर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी विवाहिता महिला अफसाना उत्तरी सलीम ने बताया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव कनियान निवासी इमरान पुत्र जैनूदीन के साथ हुई थी। आरोग्य की गति दिवस सोमवार को पीड़िता के प्रति इमरान ने पीड़िता को अपने मायके से अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए पच्चास हजार रुपए लाने के लिए कहा जब पीड़िता ने अतिरिक्त दहेज की रकम लाने से मना किया तो आरोपी पति सहित पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए अपने परिवार के लोगों के साथ बाइक पर बिठाकर मायके में छोड़कर चले गए। पीड़ित विवाहिता ने आरोपी पति सहित कई लोगों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# ध्रुव गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान ।** राजस्थान के धौलपुर जिले से सटे सैंया क्षेत्र के रजपुरा गांव के होनहार युवा पॉवर लिफ्टर ध्रुव गुर्जर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और हौसले के सामने कोई लक्ष्य दूर नहीं होता।पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में जातियो वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में ध्रुव गुर्जर ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 105 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, मैनेजर संजीव चीनिया के मुताबिक, ध्रुव गुर्जर ने शानदार प्रदर्शन कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है, अब ध्रुव गुर्जर की मेहनत और परफॉर्मेंस को देखते हुए उनका चयन नेपाल में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।ध्रुव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय मजदूर संघ आशा कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के प्रदेश सह प्रभारी महेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में धौलपुर में दुर्गा कॉलोनी में गुर्जर समाज और खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में युवा और समाज के लोग उपस्थित रहे।सभी ने ध्रुव के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व करते देखने की उम्मीद जताई।ध्रुव गुर्जर जैसे खिलाड़ी ना केवल खेल जगत का मान बढ़ा रहे हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा बनकर उभर रहे हैं।

इस मौके पर ए एस आई अतर सिंह कंसाना, आर ए सी हवलदार राजवीर बैसला,रामनाथ सिंह फौजी, नरेंद्र कंसाना , हिमांशु पटेल, सुनील कंसाना, रोहित कंसाना, सुरेंद्र सिंह अध्यापक सहित काफी संख्या में युवा एवं गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** मंगलवार को चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद शिकारपुर राजबाला देवी व अधिशासी अधिकारी सुश्री नीतू सिंह व सभासदों द्वारा खुर्जा बस स्टैंड पर गौमुख, गंगोत्री, हरिद्वार व अन्य स्थानों से जल लेकर आ रहे शिव भक्त कावडियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा फल, पानी व जूस का भी वितरण किया गया तथा उनसे वार्ता कर उनकी यात्रा के बारे में जानकारी लेते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।इस मौके पर विनय कुमार उर्फ बबलू, आस मौहम्मद राजेन्द्र लोधी गौतम सूर्यवंशी राकेश रंजीत सैनी भाजपा जिला महामंत्री संजय चौधरी भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गर्ग कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चन्दगीराम मुकेश गर्ग राजकुमार सैनी अमित सैनी पूर्व सभासद सुशील कुमार व पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रोगियों की सेवा पुण्य कार्य - डॉ. सिंह




**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान ।** जिले की अग्रणी समाज सेवी संस्था सारथी सेवा संस्थान की ओर से धौलपुर जिला अस्पताल को दीवार घड़ी प्रदान की गई है। मंगलवार को जिला अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष वीर शैलेंद्र राना एवं सचिव प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारिओं ने जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह को 20 दीवार घड़ी भेंट की। इस मौके पर जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह ने कहा कि दीवार घड़ी मिलने से जिला अस्पताल के स्टाफ, रोगी तथा उनके परिजनों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रोगियों की सेवा पूण्य कार्य है तथा इस हेतु सारथी सेवा संस्थान का सहयोग सराहनीय है। डॉ. सिंह ने कहा कि अन्य संस्थाओं को भी ऐसे सामाजिक कार्यों में आगे आना चाहिए। सारथी सेवा संस्थान के अध्यक्ष वीर शैलेंद्र राना ने कहा कि संस्थान की ओर से जिला अस्पताल के स्टाफ, रोगी तथा उनके परिजनों की सुविधा के लिए दीवार घड़ी भेंट की गई है। संस्थान की ओर से जनहित में भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य किए जाते रहेंगे। संस्थान के सचिव प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, पर्यावरण जागरूकता तथा गरीब एवं प्रतिभावान बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट करने सहित अन्य सामाजिक कार्य करने का निर्णय भी किया गया है। इस मौके पर जेके शर्मा,क्षमादान सिंह चौधरी,राजेन्द्र सिंह राजोरिया एवं अभिषेक वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# जिला व शहर कांग्रेस ने किसानों को बिजली, पानी व खाद दिये जाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला मुख्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष देशराज अहिरवार व शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के संयुक्त नेतृत्व मे जिलाधिकारी एवं तहसील मऊरानीपुर में ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह व तहसील गरौठा में ब्लॉक अध्यक्ष बामौर वीरेंद्र यादव वीरु एवं तहसील मोंठ में ब्लॉक अध्यक्ष रामजी चौबे के नेतृत्व में एस डी एम को ज्ञापन दिये गये। ज्ञापन में प्रदेश के किसानों की समस्या की ओर आकर्षित कराते हुये कहा गया है कि इन दिनों प्रदेश में खरीफ की फसल की बुबाई चल रही है।किसानो को इस समय धान की फसल के लिये यूरिया खाद व सिंचाई के लिये पानी की अत्यंतआवश्यकता है। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के अन्नदाता किसानों को खरीफ की फसल की सिंचाई के लिये समुचित बिजली एवं यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रुप नि. प्रदेश महासचिव राहुल रिछरिया, नि. सचिव मनीराम कुशवाहा, पी सी सी सदस्य इदरीश खान व बलवान सिंह यादव , शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा, मुकेश अग्रवाल ,अरविंद बब्लू, वैभव भारत बट्टा, एड. अभय त्रिपाठी, हरवंश लाल, भरत राय, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, अखिलेश गुरुदेव ,अमीर चंद आर्य, मुन्नीदेवी अहिरवार, शिप्रा मिश्रा,पार्वती चौधरी, सोनिया बाल्मीकि ,जगमोहन मिश्रा, गिरिजा शंकर राय, हरिशंकर बाल्मीकि, आशु ठाकुर, जमाल कुरैशी , राजकुमार यादव, राजकुमार सेन, अशोक कन्सौरिया, छोटे राजा कमर, राम किशन कुशवाहा, सूरज प्रकाश राय, हरिओम श्रीवास, हरिओम ब्रजवासी, काशीराम भिटौरिया , डा. पप्पू राम सहाय, आरिफ सलीम, शफीक अहमद मुन्ना, मुलायम श्रीवास, वीरेंद्र पाल ,मुमताज खान, एम सी वर्मा, दीपक पासवान , सोहन तिवारी , इदरीश मुन्ना,अमित करौसिया, सचिन मौर्य , मनीष अहिरवार, हिमांशु मिश्रा,अनिल बाल्मीकि , सागर पाल, सचिन श्रीवास आदि मौजूद रहें।

# प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के विरोध में सपा ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन दिया

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष बृजेंद्र यादव के नेतृत्व में शिक्षक सभा व मजदूर सभा ने संयुक्त रूप से पांच सूत्र ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को जिलाधिकारी द्वारा सौंपा। इस दौरान ठेका बंद करो, विद्यालय चालू करो' की बाजी की गई। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह भोजला ने कहा कि शिक्षा बंद करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है उन्होंने ज्ञापन में बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित 5000 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का जो निर्णय दिया गया है वह न केवल शिक्षा विरोधी है बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 ए द्वारा प्रदत मौलिक अधिकार निशुल्क शिक्षा और अनिवार्य बाल शिक्षण की प्रतिकूल है।उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह का निर्णय ग्रामीण एवं पिछले क्षेत्र में रहने वाले लाखों बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय किया है यह कदम विशेष कर पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश जैसा प्रतीत होता है, विद्यालयों का बंद होना शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन के समान है इससे लाखों छात्राओं का नामांकन उपस्थिति और शिक्षक प्रभावित होगा ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से ही शिक्षा संसाधनों की भारी कमी है ऐसे में विद्यालयों को बंद कर होना सामाजिक विषमता को और गहरा करेगा , बड़ी संख्या में शिक्षकों की सेवाएं भी संकट में होगी यह निर्णय भारत सरकार की सबको शिक्षा नीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सतत विकास लक्ष्य एसडीजी 4 के खिलाफ है, मांग करते हुए कहा कि तत्काल प्रभाव से बंद विद्यालयों को चालू किया जाए, शिक्षा के क्षेत्र में बजट वृद्धि और शिक्षक बहाली की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए , इस निर्णय पर न्यायिक और संवैधानिक जांच कर कर इसकी समीक्षा की जाए। प्रदेश सरकार की गलत नीतियों की वजह से इस प्रदेश का किसान, मजदूर रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में पलायन करने को मजबूर है। श्रम पोर्टल को तत्काल खोल दिया जाए तथा लाभार्थियों को उसका लाभ दिया जाए। पुराने श्रम कानून को बहाल किया जाए तथा नए श्रम संहिता को समाप्त किया जाए।

# गौ-सेवा, संत-सेवा, विप्र-सेवा, निर्धनों व असहायों की सेवा के लिए जीवनभर समर्पित रहे साकेतवासी सुदामादास महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** वंशीवट क्षेत्र स्थित श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी में श्रीरामानन्दीय वैष्णव सेवा ट्रस्ट के द्वारा चल रहा वैष्णव कुलभूषण साकेतवासी सुदामादास महाराज का 20वां वार्षिक पुण्यतिथि महोत्सव श्रीनाभापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत श्रीमहंत अमरदास महाराज के द्वारा श्रीमद्भक्तमाल कथा, श्रीमद्भक्तमाल मूलपाठ, संत प्रवचन, रासलीला एवं भजन संध्या आदि के कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर आयोजित वृहद सन्त-विद्वत सम्मेलन में श्रीमणिराम दास महाराज की छावनी (अयोध्या) से पधारे श्रीमहंत कमल नयन दास महाराज एवं देवरहा बाबा समाधि स्थल आश्रम के अध्यक्ष ब्रह्मर्षि देवदास महाराज बड़े सरकार ने कहा कि संत शिरोमणि सुदामा दास महाराज धर्म व अध्यात्म जगत की बहुमूल्य निधि थे।उन जैसी विभूतियों का अब युग ही समाप्त हो गया है श्रीनाभापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज व श्रीमहंत अमरदास महाराज ने कहा कि संत शिरोमणि सुदामा दास महाराज श्रीमद्भक्तमाल के मूर्तिमान स्वरूप थे।उनका समूचे जीवन गौ-सेवा, संत-सेवा,विप्र-सेवा,निर्धनों व असहायों की सेवा के लिए समर्पित रहा। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व आचार नेत्रपाल शास्त्री ने कहा कि संत प्रवर सुदामा दास महाराज ने जिन सदमूल्यों की स्थापना सुदामा कुटी में की, उनका संरक्षण व संवर्धन आज भी उनके उत्तराधिकारियों द्वारा भलि भांति किया जा रहा है।इसीलिए यह स्थान संत सेवा का पर्याय बनकर समूचे देश में यश व कीर्ति अर्जित कर रहा है। जानकी भवन आश्रम के अध्यक्ष श्रीमहंत रामदास महाराज व पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि सुदामादास महाराज ने श्रीमद्भक्तमाल ग्रंथ को आत्मसात किया हुआ था।सन्त-विद्वत सम्मेलन में मण्डल आयुक्त (आगरा) शैलेन्द्र सिंह (आईएएस), डी.आई.जी. शैलेश पांडेय, मथुरा के विधायक श्रीकांत शर्मा, विधायक मांट राजेश चौधरी, पूर्व मंत्री श्यामसुन्दर शर्मा, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरूजी, श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, विश्वविख्यात भागवताचार्य मारुति नन्दन वागीश, यदुनंदनाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज, पण्डित योगेश द्विवेदी, संत प्रवर रामदास महाराज (अयोध्या), पण्डित दिनेश फलाहारी, प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद, आचार्य गोपाल भैया, महंत अवधेश दास महाराज (बयाना),महंत राघव दास महाराज,डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत,मोहन शर्मा, निखिल शास्त्री,भरत शर्मा, नंदकिशोर अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व महामंडलेश्वरों, श्रीमहंतों, महंतों व विद्वानों आदि का सम्मान किया गया।साथ ही सन्त, ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# जानकी भवन आश्रम में धूमधाम से चल रहा है महंत छविराम दास रामायणी महाराज का 20वां वार्षिक पुण्य स्मृति महोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** ज्ञान गुदड़ी क्षेत्र स्थित जानकी भवन आश्रम में श्रीरामजानकी सद्गुरु सेवा ट्रस्ट के द्वारा अनंतश्री विभूषित महंत छविराम दास रामायणी महाराज का 20वां वार्षिक नव-दिवसीय पुण्य स्मृति महोत्सव श्रीमहंत रामदास महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसके अंतर्गत वेदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा नित्य श्रीराम चरित मानस मूल पाठ, सुन्दरकाण्ड, श्रीहनुमान चालीसा आदि के अनुष्ठान किए जा रहे हैं।साथ ही श्रीराम कथा का भव्य आयोजन हो रहा है।जिसमें व्यास पीठ से पूज्य महाराजश्री के परम कृपापात्र सीताराम दास महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश के विभिन्न प्रांतों से आए समस्त भक्त-श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। श्रीजानकी भवन आश्रम के अध्यक्ष महंत रामदास महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि श्रीवृन्दावन धाम की महिमा स्वर्ग से भी अधिक है।यहां पर रहने वाले ब्रजवासी व संत स्वर्ग जाने की आशा नहीं रखते।उनके लिए श्रीधाम वृन्दावन ही स्वर्ग से श्रेष्ठ है।इसीलिए सभी देवतागण इस ब्रजभूमि में बार बार लीला करने आते रहते हैं।यहां पर ठाकुरजी एवं सदगुरुदेव भगवान का उत्सव मनाने से अन्य स्थानों की अपेक्षा शतगुणा अधिक फल प्राप्त होता है।क्योंकि समूचे ब्रज चौरासी कोस की पावन धरा पर आज भी कई ऐसे दिव्य स्थल हैं, जहां पर श्रीराधारानी और भगवान श्रीकृष्ण के होने का आभास प्रभु भक्तों को होता है। महोत्सव में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, सतीश गौड़, कुंजबिहारी दास महाराज, जयराम दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, राज महाराज एवं योगेश चौहान आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सीएमएस डॉक्टर डीके वर्मा ने पूरी टीम के साथ रात्रि में निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में पूरी टीम द्वारा रात्रि में निरीक्षण किया गया, टीम में मेट्रन, मैनेजर, इलेकटरिशयन, सफाई सुपरवाइजर, गार्ड व अन्य स्टाफ शामिल थे। निरीक्षण इतनी बारीकी से किया गया कि आने वाले मरीजों को कोई दिक्कत नहीं हो , जैसे सभी उपकरणों की क्रियाशीलता को देखा गया , एक बीङ्गपीङ्ग मशीन में कुछ दिक्कत मिली जिसको तत्काल ठीक करा दिया गया, सफाई सुपरवाइजर को जगह जगह सफाई करने के निर्देश दिए, प्रकाश की व्यवस्था से संबंधित कार्य इलेकटरिशयन को बताया। अधीक्षक महोदय ने आगे बताया कि ये सभी कार्य शासन द्वारा दिए गए दिशानिदेर्शों के क्रम में किए जा रहे हैं जिससे चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ हो सके, उन्होंने आगे बताया कि निरीक्षण आगे भी ऐसे ही जारी रहेंगे ।

# दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** ऑल दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रियासत राजा ने जिलाध्यक्ष मो दानिश व कार्यकारिणी अध्यक्ष रघुनाथ सिंह के साथ जिलाधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान दिव्यांगों को योजनाओं से वंचित रखने जैसी गंभीर समस्याओं की ओर आकृष्ट किया।ज्ञापन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रियासत राजा ने स्पष्ट किया कि ₹ऑल दिव्यांग सेवा संगठन₹ विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर, उपेक्षित और जरूरतमंद दिव्यांगजनों की आवाज बनकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दिव्यांगों को शासन की कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, अन्नोदय योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना तथा ग्रामीण उद्योग योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिव्यांगजनों को बार-बार विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उच्च अधिकारीगण दिव्यांगों की समस्याएं सुनने और समझने को तैयार नहीं हैं। इस कारण दिव्यांगजन मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर पर अत्यधिक परेशान हैं। रियासत राजा ने कहा कि दिव्यांग समाज ऐसा वर्ग है जो सामान्य लोगों की तरह मेहनत मजदूरी करने में सक्षम नहीं होता। जो दिव्यांगजन किसी प्रकार से कार्य करते भी हैं, वे इतनी आय नहीं जुटा पाते जिससे वे अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण ठीक से कर सकें।उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि शासन-प्रशासन दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करे और उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ दिलाने हेतु प्रभावी कदम उठाए। डीएम जसजीत कौर ने ज्ञापन प्राप्त कर दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश देने की बात कही।

# केंद्रीय कारागार मंडोली में राष्ट्रीय हिंदी साहित्य संस्थान द्वारा कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

डॉ.शंभू पंवार

**नई दिल्ली, 22 जुलाई।** राष्ट्रीय हिंदी साहित्य बहुउद्देशीय संस्थान के तत्वावधान में केंद्रीय कारागार मंडोली, दिल्ली में एक भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन वरिष्ठ डिप्टी सुप्रीटेंडेंट अजय भाटिया और डिप्टी सुप्रीटेंडेंट नवीन शर्मा के कुशल संयोजन एवं सान्निध्य में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध गीतकार प्रमोद निर्मल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात साहित्यकार डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. मनोज अबोध, डॉ. मनोज कामदेव और डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी, सरस काव्य और मनोहारी गजलों की एक से एक बेहतरीन प्रस्तुति दे कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओज कवि डॉ. अनूप कुमार 'एकलव्य', गजलकार राम शब्द 'बेनूर', हास्य कवि हरिप्रकाश गुप्ता 'सरल', कवि संदीप बिश्नोई, श्रृंगार रस की कवयित्री मंजुलता गोला, गजलकार नयन नीरज 'नायाब', एवं युवा कवयित्री कामिनी समदर्शी ने मंच से अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर संस्थान की संस्थापिका डॉ. नूतन शर्मा 'नवल' द्वारा संपादित प्रथम साझा काव्य संग्रह ₹थोड़ी सी जमीं, थोड़ा आसमां₹ का लोकार्पण भी किया गया। इस लोकार्पण समारोह में अजय भाटिया, नवीन शर्मा, डॉ. नूतन शर्मा 'नवल' और अन्य अतिथिगण सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का मनमोहक संचालन कवि नयन नीरज 'नायाब' ने किया। अंत में संस्था की ओर से सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी कवियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक और तेजाब हमले की धमकी से पीड़िता दहशत में मुख्यमंत्री से सुरक्षा की गुहार

शाहनवाज गौरी



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के लहरपुर कस्बे की रहने वाली एक पीड़िता ने अपने पति और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग को प्रार्थना पत्र सौंपा है। महिला ने आरोप लगाया है कि उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, बेल्ट से पीटा गया, तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया, और अब तेजाब फेंकने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने मामले में सुरक्षा व न्याय की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सादिया का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार अकरम पुत्र असलम, निवासी मोहल्ला नारियन टोला, कस्बा तंबौर से हुआ था। विवाह के बाद से ही उस पर दहेज लाने का दबाव बनाया जाता रहा, और मांग पूरी न होने पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न शुरू हो गया। एक बार पति ने बेल्ट से बेरहमी से पीटा, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने इन चोटों के फोटोग्राफिक साक्ष्य भी अधिकारियों को उपलब्ध कराए हैं।इसके बाद पति अकरम ने उसे तीन बार ङ्घतलाकङ्घ कहकर घर से निकाल दिया। वर्तमान में पीड़िता अपने मायके मोहल्ला कटरा, थाना लहरपुर में रह रही है। इस बीच अकरम ने बिना किसी विधिक प्रक्रिया के दूसरी शादी भी कर ली, जिसकी न तो सूचना दी गई और न ही पहली पत्नी की सहमति ली गई। पीड़िता ने इसे मुस्लिम पर्सनल लॉ और भारतीय कानून का खुला उल्लंघन बताया है।

# निपेंद्र चौधरी परिवार द्वारा कांवड़ियो को केले व जल वितरण किये



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर ;** शिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्त अपनी कावड में जल भरकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। कांवडियो के आगमन से बम बम भोले की गूंज व शिव भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। ग्राम पैजनिया चौराहे पर चौधरी निपेंद्र सिंह के परिवार द्वारा शिव भक्तों को केले व पानी वितरण किया गया चौधरी निपेंद्र ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा करने से भगवान प्रसन्न होते हैं। इस अवसर पर चौधरी विजयपाल सिंह, अशोक चौधरी, निपेंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सरदार राम अवतार सिंह, नितिन चौधरी, पैजानिया चौकी प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# आदमी पार्टी के नेता मामून शाह खां ने रामपुर की अवाम से अपनी गलती की माफी मांगी




वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** रामपुर नगर पालिका चेयरमैन पति मामून शाह खां व आम आदमी पार्टी के युवा नेता फैसल लाला का मनमुटाव खत्म हो गया हैं। दोनो नेताओं ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर रामपुर की अवाम से अपनी गलती की माफी मांगी हैं और मिलकर रामपुर को बेहतर बनाने का वायदा किया हैं।

इस मौके पर मामून शाह खां ने कहा कि हमें मालूम हैं कि रामपुर की जनता की खिदमत वैसी नहीं हो पाई जैसी होनी चाहिए थी जो कमियां रहीं उन्हे दूर किया जायेगा। हम वायदा करते हैं कि मिलकर बेहतर रामपुर बनायेंगे। नगर पालिका कुर्सी कांटो भरी ताज हैं और सरकार का भी दबाव रहता हैं लेकिन इसके बावजूद नगर की समस्याओं को प्राथमिकता देकर समाधान की ओर बढा जायेगा। मामून शाह ने कहा कि रामपुर में पहले चैड़े और कच्चे नाले थे लेकिन पूर्ववर्ती प्रशासन ने उन्हे पक्का और संकरा कर दिया जिससे जलभराव की स्थिति बनी। उन्होने विशेषज्ञों की मदद से समाधान निकालने की बात कही। उन्होने कहा कि जिन लोगों की दुकानें टूटी हैं उन्हे शीघ्र ही नये सिरे से दुकाने बनाकर दी जायेगी। साथ ही हाउस टैक्स और वाटर टैक्स को लेकर सभासदों और अधिकारियों से बातचीत जारी हैं। फैसल लाला ने कहा कि गलतियां इंसान से होती हैं लेकिन जो उन्हे मानता हैं वही असली इंसान होता हैं। मामून शाह ने अपनी गलती मानी हैं और अब मिलकर बेहतर रामपुर बनाने की बात कही हैं।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अम्बरीश कुमार बिंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने गंभीरता से सुना और उनसे प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही एवं निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग को त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्याओं का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में गन लाइसेन्स से सम्बन्धित भूतपूर्व सैनिक से प्राप्त प्रार्थना पत्र पर उनकी समस्याओं का निस्तारण बैठक के दौरान ही कर दिया गया और यह भी सुझाव दिया कि यदि आपकी कोई भी समस्या है तो प्रार्थना पत्र के साथ सम्बन्धित विभाग के उच्चधिकारी से अवश्य सम्पर्क करें, तभी आपकी समस्या का शीघ्र निस्तारण हो सकेगा। वरिष्ठ अधिकारी रणजीत सिंह ने भूतपूर्व सैनिकों को बताया कि पेंशन से सम्बन्धित जीवन प्रमाण के लिए भारत सरकार द्वारा जारी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते है और उन्होंने उसका डेमो भी देने को कहा। बैठक में उपस्थित जनपद के पूर्व सैनिकों ने अपनी विभिन्न व्यक्तिगत समस्याओं को प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया एवं अन्य पूर्व सैनिकों के द्वारा पूर्व सैनिकों/आश्रितों के कल्याणार्थ विभिन्न विषयों पर उच्च अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, ले० कर्नल पंकज नैथानी, अ०प्रा०, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती सूरज कुमारी, ओआईसीईसीएचएस ले० कर्नल एसपी जोशी, अग्रणी जिला प्रबन्धक शिवांग जोशी तथा हवलदार नरेश पाल 1883 एटी बटालियन (एएससी) बरेली उपस्थित रहें।

# थाना धनघटा पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

वेलकम इंडिया

■ अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा उ0नि0 लालबिहारी निषाद, का0 सौरभ उपाध्याय, म0का0 गुन्जन पाण्डेय ने मु0अ0सं0 293/2025 धारा 87, 137(2) बीएनएस थाना धनघटा के मामले में वांछित अभियुक्त गोविन्द चौहान पुत्र टिकोरी लाल चौहान निवासी चपरा पूर्वी थाना धनघटा को दिनाँक 21.07.2025 को नेतवापुर चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 14.06.2025 को थाना धनघटा पर वादिनी की नाबालिग पुत्री को उक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक ली

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह दिनांक 15 अगस्त 2025, हरियाली तीज तथा श्री कृष्ण जन्माष्टमी की व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व पर अधिकारी सहित समस्त स्टाफ अपने अपने कार्यालयों में मौजूद रह कर ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यालयों को सजाए, व्यापारियों के साथ बैठक कर सभी दुकानों, रेस्टोरेंट, होटल आदि को सजाने व लाइटिंग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए, सभी पेट्रोल पंप को सजाया जाए। राष्ट्रीय पर्व को जनपद में हर्ष और उल्लास के साथ सुंदर बनाया जाए। 15 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल कूद प्रतियोगिता, शहीद संबंधी कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं और सभी स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। स्कूलों एवं कॉलेजों में वाद विवाद, चित्रकला, प्रदर्शनी, रंगोली, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाए। शहीद स्मारकों पर कार्यक्रम एवं माननीय जनप्रतिनिधियों को बुलाया जाए तथा शहीद के परिवारजनों को सम्मानित किया जाए। स्कूलों में प्रभात फेरी निकाली जाए तथा क्रॉस कंट्री रेस कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, बीडीओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में जारी शासनादेश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित करें। इसी क्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व तथा हरियाली तीज को लेकर जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि श्री यातायात प्रबंधन व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान तैयार रहे और पार्किंग डाइवर्जन प्रोपर रहे। बरसात होने पर पानी की निकासी हेतु पर्याप्त व्यवस्था करें। भीड़ नियंत्रित करने की कार्य योजना बनाई जाएं, भीड़ को एकत्रित न होने दें, निकासी द्वार की सीढ़ियों पर किसी कों खड़ा न होने दें। पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष बेहतर से बेहतर व्यवस्था करनी हम सबकी जिम्मेदारी है। व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए होटल, मंदिर, धर्मशाला आदि के लोगों के साथ संवाद स्थापित करें। ड्यूटी में कार्यरत अधिकारी तथा कर्मचारी अपना व्यवहार मृदुल रखे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर प्लानिंग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की व्यवस्था की जाएं। एडवांस प्लानिंग करते हुए टीम भावना के साथ कार्य करें, पुलिस अधिकारी तथा मजिस्ट्रेट मंदिर प्रबंधन के साथ बैठक करें और मौके पर जाकर मंदिर प्रबंधन के साथ व्यवस्थाओं का जायजा ले। पार्किंगों के टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दें, विद्युत लाइनों को प्लास्टिक कवर से कवर किए जाएं और लटके हुए तारों को ठीक कराया जाए, अतिक्रमण हटाया जाए।

# रासलीला 'भ्रमर गीत' का मंचन 27-28 जुलाई को पांचजन्य प्रेक्षागृह में

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के प्रशिक्षुओं द्वारा भ्रमर गीत पर आधारित एक अद्वितीय मंचन 27 व 28 जुलाई को सायं 6 बजे से पांचजन्य प्रेक्षागृह, डेंपियर नगर, मथुरा में होगा। यह मंचन यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित है। मंचन मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सहयोग से किया जाएगा। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने बताया कि श्रीकृष्ण की लीलाओं में से एक ₹भ्रमर गीत₹ लीला की प्रस्तुति वृंदावन निवासी कवि स्व. छैल बिहारी उपाध्याय छैल द्वारा रचित है। ये भ्रमर गीत मंच पर गीत, संगीत, नृत्य एवं अभिनय के समन्वय से सजीव मंचन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के समन्वयक ( शोध, ग्रंथागार, सांस्कृतिक प्रशिक्षण, जनसंपर्क और प्रकाशन ) चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार के अनुसार रासलीला संरक्षण के प्रयासों के अन्तर्गत संस्थान के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने रासलीला ₹भ्रमर गीत₹ की परिकल्पना एवं निर्देशन किया है। वर्तमान में संस्थान में रिहर्सल किया जा रहा है। मंचन का संगीत संयोजन कलाकार आकाश शर्मा, मन मोहन कौशिक, दीनानाथ व सुनील कौशिक आदि का है। मंचन में मथुरा व वृंदावन के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बालक-बालिकाएं भाग ले रहे हैं।

# 10 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ एसओजी टीम ने एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके के आदेशानुसार जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक कपकोट मनीष शर्मा के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम को अवैध स्मैक पकड़ने में सफलता मिली है।एसओजी टीम को एक स्मैक पीने की लत में डूबे हुए एक युवक के द्वारा अवैध स्मैक की तश्करी करने की सूचना मिली। जिसके बाद एसओजी टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। टीम द्वारा थाना झिरौली क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत लीसा डिपो काफलीगैर के पास अंकित नाम के युवक जो कि स्मैक का आदी बन गया था, उसके द्वारा अवैध स्मैक खरीदकर बागेश्वर में अवैध नशे का कारोबारी तक अवैध स्मैक की खेप पहुचाने की सूचना थी।जिसके बाद आरोपी युवक किसी भी प्रकार से चेकिंग होने से अनजान होकर एक बस में सवार होकर बागेश्वर की ओर आ रहा था, तभी एसओजी टीम नेसघन चेकिंग अभियान चलाया।और जांच में आरोपी युवक के पास से 10 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) बरामद की। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी कोड़े ने पुलिस टीम को एक हजार रुपए की नगद धनराशी से पुरस्कृत करने की घोषणा की।पकड़ा गया अभियुक्त पूर्व में भी दो बार स्मैक के साथ पकड़ा जा चुका है।बताया जा रहा है कि नशे की लत से उसके परिजन भी काफी परेशान है। स्मैक पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी इंस्पेक्ट सलाउद्दीन खान, हेड कांस्टेबल राज भानु, कांस्टेबल संतोष सिंह, रमेश सिंह, भुवन बोरा, चालक राजेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# बुलंदशहर के नीरज ने यूपी सीएम योगी को पीएम बनाने का संकल्प, बुलंदशहर के नीरज ने उठाई कांवड़

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ जनपद में सावन माह में कांवडियों का जोश देखते ही बन रहा है।कांवड़िये शिव के धाम हरिद्वार और गढ़मुक्तेश्वर जल लेने के लिए पूरे जोश और उत्साह के साथ जा रहे हैं और अपने कांधों पर कांवड़ को उठाकर ला रहे हैं।यूपी के जनपद हापुड़ में प्रधानममंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगी कांवड़ दिखाई दी।कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्ति के अलग-अलग रंग दिखाई दे रहे हैं।उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले एक भोले को सपने में योगी आदित्यनाथ को प्रधानमंत्री और नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति बनने का सपना दिखाई दिया।इसके बाद उसने अपने सपने को पूरा करने के लिए भोले बाबा से मन्नत मांगी। इसके बाद वह पीएम मोदी और सीएम योगी के नाम की कावड़ को हरिद्वार से उठाया है।उत्तर के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को प्रधानमंत्री बनाने का सपना बुलंदशहर के रहने वाले नीरज कुमार अपने साथियों के साथ बुलंदशहर से हरिद्वार जल लेने पहुंचे। नीरज कुमार के अनुसार, उसको सपने में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति बनने का सपना दिखाई दिया।इसके बाद उन्होंने मोदी- योगी के नाम से हरिद्वार से कावड़ उठाई।दो दिनों बाद शिवरात्रि पर मोदी और योगी के नाम का भोले को जल चढ़ाएंगे।सपने को सच करना चाहता है नीरज श्रावण महीने में मासिक शिवरात्रि से पहले पश्चिमी यूपी में शिवभक्तो का जनसैलाब उमड़ रहा है।कावड़ यात्रा के दौरान आपको भक्तों कई रंग दिखाई देंगे। नीरज कुमार ने बताया कि मुझे जो सपना आया था। उसको सच करने के लिए ही हम हरिद्वार से कावड़ ला रहे है।उत्तर प्रदेश में इन कांवड़ यात्रा भक्ति और आस्था के साथ जारी है, प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से कांवड़ यात्रा की अनोखी तस्वीरें सामने आ रही हैं।कोई व्यक्ति अपने मां-बाप को कांवड़ पर रखकर यात्रा कर रहा है तो कोई अपने पति को कंधे पर बैठाकर कांवड़ यात्रा कर रही हैं। फिलहाल यह अनोखी कांवड़ को लेकर लोगों में काफी चचाएं हो रही हैं।

# बस में हाथ निकालकर बैठे कांवरियां को अज्ञात वाहन ने मारा टक्कर, घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी (मिजार्मुराद) के सामने हाइवे के दक्षिणी लेन पर मंगलवार की दोपहर प्रयागराज से जल लेकर बाबा श्री विश्वनाथ जी को जल चढ़ाने बस से जा रहे कांवरियां भदोही जिले के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के जाठी गांव निवासी विजय उर्फ कल्लू पासी उम्र (25) वर्ष बस के खिड़की से दाहिना हाथ बाहर निकाल कर बैठे थे उसी समय प्रयागराज के ही तरफ से आ रही है एक अज्ञात वाहन ने ओवरटेक के दौरान खिड़की के बाहर निकले दाहिने हाथ को रगड़ते हुए निकल गई जिससे कांवरियां के हाथ में गंभीर चोट आ गया।घटना के बाद अज्ञात वाहन वाराणसी के तरफ भाग निकला।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु खजुरी स्थित सूर्यान्श हॉस्पिटल ले गए जहां दवा इलाज के बाद डॉक्टर ने घायल कांवरिया को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# डॉ. राहुल सिंह को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ की 36वीं स्थापना समारोह एवं वैज्ञानिक सम्मान कार्यक्रम आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के ऑडिटोरियम में मंगलवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर वाराणसी के प्रसार वैज्ञानिक डॉ. राहुल कुमार सिंह को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से प्राप्त हुआ। डॉ. सिंह को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं ग्यारह हजार रुपए का चेक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा मिला। इससे पहले डॉक्टर राहुल सिंह महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र चौक माफी पीपीगंज गोरखपुर के केंद्र पर कृषि प्रसार वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर रहे थे। डॉ राहुल ने अपनी सच्ची निष्ठा और लगन ज्ञान के दम पर जब तक गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र चौक माफी गोरखपुर में रहे उन्होंने इस कृषि विज्ञान केंद्र की दशा और दिशा प्रदान की। डॉ राहुल ने महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र आठ एवं वाराणसी में एक कृषक उत्पादक कंपनी ऋढड का निर्माण करवाकर हजारों किसानों को संगठित करने का कार्य किया और बहुत जल्द ही अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर यहां भी कृषकों के बीच में छा गए जिसका परिणाम समय-समय पर उनको इनाम के रूप में मिलता रहा है। उनकी अगुवाई में कृषि विधान केंद्र, वाराणसी में सैकड़ों छात्रों का रावे कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ है।इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवीन सिंह, वैज्ञानिक डॉ मनीष पाण्डेय, डॉ अमितेश, डॉ प्रतीक्षा सिंह, डॉ श्रीप्रकाश सिंह, पूजा सिंह के साथ राणा पीयूष, अरविंद, शिवानी, देवमणि एवं अशोक सहित जनपद के किसान भाइयों ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए खुशी व्यक्त किया।

# डाक बम कांवरियों का जत्था जल लेने रवाना



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** नव युवक सेवा समिति के सदस्यों द्वारा रोहित विश्वकर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को मिजार्मुराद से 20 युवा डाक बम का जत्था गंगाजल लेने प्रयागराज रवाना हुआ। डाक बम का जत्था प्रयागराज से गंगा जल लेकर बुधवार को 24 घंटे के अंदर सवा सौ किलोमीटर का दूरी तय करते हुए बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करेंगे।युवकों के साथ डीजे पर बाबा भोलेनाथ के अनेकों भजन भज रहे थे व देश की शान तिरंगा लहरा रहा था।जत्थे में रोहित विश्वकर्मा, नीरज राजभर, बच्चा मिश्रा, अनूप शर्मा, विजय विश्वकर्मा, सूरज राजभर, बाबा बिन्द, अमित विश्वकर्मा, सुमित, सुनील, गोपाल विश्वकर्मा, नितिन विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा समेत अन्य लोग शामिल हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी तैयारी बैठक हुयी आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद में दिनांक 27 जुलाई 2025 (रविवार) को उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) परीक्षा-2023 को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सकुशल, नकल विहीन व सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित हुयी। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह एवं उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि अनिल कुमार उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रा0) की परीक्षा को पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित उपस्थित सभी केन्द्र व्यवस्थापकों/सह केंद्र व्यवस्थापकों को समयबद्धता एवं निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश देते हुये कहा कि दिनांक 26 जुलाई को ही सभी सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण करते हुये परीक्षा केन्द्रों के अप्रोच मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, साफ-सफाई आदि का सघन निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रश्नपत्र/ओएमआर शीट के गोपनीय बण्डल को निर्धारित समय पर ट्रेजरी के डबललाक से प्राप्त करते हुये परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध करायेंगे तथा सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक गोपनीय बण्डलों को प्राप्त कर वीडीयोग्राफी कराते हुये कक्ष निरीक्षकों को उपलब्ध करायेंगे। पूरी प्रक्रिया के दौरान परीक्षा की संवेदनशीलता को बरकरार रखते हुये समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। इसमे किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिये। परीक्षा की सुचिता भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही कर एफ.आई.आर. दर्ज कराया जायेगा। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट जय प्रकाश ने उपस्थित सभी अधिकारियों को परीक्षा के दिन की सुबह से लेकर शाम तक की समस्त गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये रखने का निर्देश देते हुये बिन्दुवार विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि आरओ/एआरओ की परीक्षा जनपद के 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

# दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे

भारत को आजाद कराने के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी थी। उन्हीं महान स्वतंत्रता सेनानियों में एक नाम चंद्रशेखर आजाद का है। हालांकि, इनका असली नाम चंद्रशेखर तिवारी था, लेकिन आजाद इनकी पहचान कैसे बनी इसके पीछे भी एक कहानी है। आजाद कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। आजाद यह शब्द आते ही अपनी मूंछो को ताब देता वह नौजवान आखों के सामने आ जाता है, जिसे पूरी दुनिया चंद्रशेखर आजाद के नाम से जानती है। एक युवा क्रांतिकारी जिसने अपने देश के लिए हंसते हंसते प्राण निछावर कर दिए। जो अपनी लड़ाई के आखिर तक आजाद ही रहा। दुनिया में जिस सरकार का सूर्य अस्त नहीं होता था, वह शक्तिशाली सरकार भी उसे कभी बेड़ियों में जकड़ ही नहीं पाई। चंद्रशेखर हमेशा आजाद ही रहें, अपनी आखिरी सांस तक। चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्यप्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था। उनके सम्मान में अब इस गांव का नाम बदलकर चंदशेखर आजाद नगर कर दिया गया है। मूल रूप से उनका परिवार उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बदरका गांव से था, लेकिन पिता सीताराम तिवारी को अकाल के कारण अपने पैतृक गांव को छोड़कर मध्यप्रदेश के भाबरा का रुख करना पड़ा। यह भील जनजाति बहुल इलाका है और इसी वजह से बालक चंद्रशेखर को भील बालकों के साथ धनुर्विद्या और निशानेबाजी करने का खूब मौका मिला और निशानेबाजी उनका शौक बन गया। बालक चंद्रशेखर बचपन से ही विद्रोही स्वभाव का था। पढ़ाई से ज्यादा उनका मन खेल गतिविधियों में लगता था। इसके बाद वह घटना घटी जिसने पूरे हिंदुस्तान को हिला कर रख दिया। जलियांवाला बाग हत्याकांड ने बालक चंद्रशेखर को झकझोर कर रख दिया और उन्होंने ईंट का जवाब पत्थर से देने की ठान ली। वैसे तो पण्डित चंद्रशेखर तिवारी को उनके दोस्त पंडितजी, बलराज और क्लिक सिल्वर जैसे कई उपनामों से बुलाते थे, लेकिन आजाद उपनाम सबसे खास था और चंद्रशेखर को पसंद भी था। उन्होंने अपने नाम के साथ तिवारी की जगह आजाद लिखना पसंद किया। चंद्रशेखर को जाति बंधन भी स्वीकार नहीं था। आजाद उपनाम कैसे पड़ा, इस सम्बन्ध में भी एक रोचक उपकथा विख्यात है। हालांकि इस कथा का पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जिक्र किया है लेकिन यह शुरूआती दौर से ही उनके बारे में सुनी सुनाई जाती रही है। हुआ यूं कि 1921 में असहयोग आंदोलन अपने चरम पर था और बालक चंद्रशेखर को एक धरने के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया और मजिस्ट्रेट के सामने हाजिर किया गया। पारसी मजिस्ट्रेट मिस्टर खरेघाट अपनी कठोर सजाओं के लिए जाने जाते थे। उन्होंने कड़क कर चंद्रशेखर से पूछा क्या नाम है तुम्हारा? चंद्रशेखर ने संयत भाव से उत्तर दिया। मेरा नाम आजाद है। मजिस्ट्रेट ने दूसरा सवाल किया। तुम्हारे पिता का क्या नाम है? आजाद का जवाब फिर लाजवाब था। उन्होंने कहा मेरे पिता का नाम स्वाधिनता है। एक बालक के उत्तरों से चकित मजिस्ट्रेट ने तीसरा सवाल किया। तुम्हारी माता का नाम क्या है ?आजाद का जवाब था। भारत मेरी मां है और जेलखाना मेरा घर है। बस फिर क्या था गुस्साए मजिस्ट्रेट ने चंद्रशेखर को 15 बेंत लगाने की सजा सुना दी। बालक चंद्रशेखर को 15 बेंत लगाई गई लेकिन उन्होंने उफ्फ तक न किया। हर बेत के साथ उन्होंने भारत माता की जय का नारा लगाया। आखिर में सजा भुगतने के एवज में उन्हें तीन आने दिए गए, जो वे जेलर के मुंह पर फेंक आए। इस घटना के बाद लोगों ने उन्हें आजाद बुलाना शुरू कर दिया। जलियांवाला बाग कांड के बाद चंद्रशेखर को समझ में आया कि आजादी बात से नहीं बंदूक से मिलेगी। हालांकि उन दिनों महात्मा गांधी और कांग्रेस का अहिंसात्मक आंदोलन अपने चरम पर था और पूरे देश में उन्हें भारी समर्थन मिल रहा था।



ऐसे में हिंसात्मक गतिविधियों के पैरोकार कम ही थे। चंद्रशेखर आजाद ने भी महात्मा गांधी द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया, लेकिन चौरा-चौरी कांड के बाद जब आंदोलन वापस लिया गया तो आजाद का कांग्रेस से मोहभंग हो गया, चंद्रशेखर आजाद ने बनारस का रुख किया। बनारस उन दिनों भारत में क्रांतिकारी गतिविधियों का केन्द्र हुआ करता था। बनारस में वह देश के महान क्रांतिकारी मन्मथनाथ गुप्त और प्रणवेश चटर्जी के सम्पर्क में आए। इन नेताओं से वे इतने प्रभावित हुए कि वे क्रांतिकारी दल हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के सदस्य बन गए। इस दल ने शुरू में गांवों के उन घरों को लूटने की कोशिश की जो गरीब जनता का खून चूस कर पैसा जोड़ते थे, लेकिन दल को जल्दी ही समझ में आ गया।

# कावड़ियों को फूल वर्षा कर व सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर द्वारा बारवा कांवड़ सम्मान समारोह का आयोजन कादराबाद स्थित विभिन्न काला नमक फैक्ट्री पर किया गया। 70 से ज्यादा सुसज्जित कावड़ियों को फूल वर्षा कर व सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी मोदीनगर अजीत कुमार सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञान प्रकाश राय, मोदीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश शर्मा व नायब तहसीलदार ने किया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल व नगर अध्यक्ष अमित गोयल ने की संगठन के महामंत्री निर्दोष खटाना व कोषाध्यक्ष जगदीश मदान ने सभी अतिथियों की मेजबानी की व पुष्प वर्षा की । इस मौके पर अशोक माहेश्वरी, बबली गुर्जर, प्रीतमलाल, सतेन्दर गुप्ता, आकाश शर्मा, अमित कराटे, आशीष अरोड़ा, शेखर कुमार, दमयंती सिंह, ऊषा चौधरी, सुमित गुप्ता,मधुसूदन शर्मा, संजीव शर्मा, आदित्य अग्रवाल, गौरव रुहेला, विशाल शर्मा, मुकुल साहनी, अरुण चौहान, विशाल अग्रवाल, विशाल शर्मा ,महेश वैध, नीतिन कुमार प्रेम सेनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में दिनेश कुमार गोयल द्वारा रुद्राभिषेक कर भंडारा शुरू किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद द्वारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव जनपद बागपत में भोले बाबा के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों द्वारा 43 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे। उन्होंने रुद्राभिषेक कर भोग लगाकर तीसरे दिन भंडारा पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर बागपत पर आर के जी धर्मशाला में किया जा रहा है जो आगे भी निरंतर चलता रहेगा` आज भंडारे का तीसरा दिन था 23 जुलाई शिवरात्रि तक चलेगा। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद सभी भक्तों पर बना रहे और मुझे बाबा के आशीर्वाद से बाबा का भंडारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# बरेली एमआईआर सेंटर में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रभा टॉकीज के सामने स्थित बरेली एमआईआर सेंटर में मंगलवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में सेंटर के अंदर रखा लाखों के उपकरण व फर्नीचर जलकर राख हो गए। हालांकि अभी तक इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जब इस घटना के बारे में कर्मचारियों से बातचीत करनी चाही, तो सभी कर्मचारी व सेंटर के मालिक ने बात करने और सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया। इससे घटना को लेकर और भी संदेह गहराता जा रहा है। फिल्हाल पुलिस और अग्निशमन विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी या फिर इसके पीछे कोई वजह थी।

# रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सेंट्रल का 35वां चार्टर डे एवं इंस्टॉलेशन समारोह भव्यता के साथ संपन्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)।** रोटरी क्लब गाज़ियाबाद सेंट्रल का 35वां चार्टर डे सेलिब्रेशन एवं इंस्टॉलेशन सेरेमनी कविनगर स्थित मिलन बैंक्वेट में संपन्न हुआ। इस मौके पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन रोहित अग्रवाल और सचिव रोटेरियन रजत बंसल को वर्ष 2025-26 के लिए औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा गया।

कॉलर एक्सचेंज की परंपरागत प्रक्रिया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमिता मोहेन्द्रू और कैप्टन अनिल मोहेन्द्रू की उपस्थिति में, निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन अजय शर्मा और सचिव रोटेरियन अनुपम गर्ग द्वारा संपन्न की गई। गवर्नर अमिता मोहेन्द्रू ने पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा वर्ष 2024-25 में किए गए सेवा कार्यों की सराहना की और नव-नियुक्त टीम द्वारा प्रस्तुत विजन डॉक्युमेंट की भी प्रशंसा की।समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। आयोजन में डिस्ट्रिक्ट एवं क्लब के अनेक रोटेरियन्स उपस्थित रहे।।जिनमें डीजीई रोटेरियन अमित गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता, डीजीएनडी रोटेरियन रवि बाली एवं दीपिका बाली, पीडीजी रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा एवं मुक्ता , रोटेरियन प्रियतोष गुप्ता एवं रचना गुप्ता, रोटेरियन दीपक गुप्ता एवं रीना गुप्ता प्रमुख रहे। इसके साथ ही रोटेरियन अशोक अग्रवाल, शरत जैन, जेके गौर, ललित खन्ना, रमा वालिया, विजय भूषण, अभिषेक जिंदल एवं स्वाति जिंदल की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इसके अलावा कार्यक्रम में क्लब के अनेक पूर्व प्रेसिडेंट्स और सदस्यगण भारी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें रोटेरियन अजय शर्मा, राजकुमार चौधरी व रेखा चौधरी, सुभाष गर्ग व शिल्पा गर्ग, दिनेश त्यागी व रीता त्यागी, अतुल गोयल व बीना गोयल, अंजनी गनेरीवाला व कविता गनेरीवाला, भूषण चौहान व नेहा चौहान, ललित शर्मा व गरिमा शर्मा, प्रदीप गुप्ता व भावना गुप्ता, प्रमुख रूप से शामिल रहे। समारोह का संचालन मास्टर ऑफ सेरेमनी भूषण चौहान ने किया, जबकि इंस्टॉलेशन चेयर ललित शर्मा और अतुल जैन ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# प्रेमिका से बेटे ने किया निकाह... दो दिन बाद पिता भी ले आया अपनी नई दुल्हन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** नवाबगंज थाना क्षेत्र से प्रेम प्रसंग का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां एक अधेड़ ने इश्क में अपने ही बेटे को पीछे छोड़ दिया। इस कहानी में पंचायत के फैसले पर जब बेटे ने प्रेमिका से निकाह किया। तो ठीक उसके दो दिन बाद सोमवार को पिता भी प्रेमिका को दुल्हन बनाकर घर ले आया। अब ये दोनों ही मामले इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं। करीब 45 साल के एक अधेड़ व्यक्ति के परिवार में पत्नी और चार बेटे हैं। वह कारचोबी का काम करता है। काम के सिलसिले में उसका पीलीभीत के जहानाबाद इलाके में आना जाना लगा रहता है। वहीं पर 21 वर्षीय एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। बताते हैं कि जब दोनों के बीच संबंध बने तो युवती गर्भवती भी हो गई। इसके बाद जब युवती ने उस अधेड़ व्यक्ति से शादी को कहा तो वह बड़े परिवार का मुखिया होने का हवाला देकर मुकर गया। नाराज युवती ने उसके खिलाफ तीन दिन पहले थाना जहानाबाद में रिपोर्ट दर्ज करा दी। युवती ने आरोप लगाया कि उसके साथ गलत हरकत कर वीडियो बना ली गई है, जिसे वायरल करने की धमकी दी जा रही है। रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी बैकफुट पर आ गया। दोनों पक्षों में पंचायत के बाद उसने युवती के साथ सोमवार को निकाह कर लिया। बताते हैं कि उसने अपनी कुछ जमीन युवती के नाम भी करा दी है। इस कहानी से पहले इस अधेड़ व्यक्ति के बड़े बेटे की कहानी पर भी जरा गौर कीजिये, जिसकी उम्र 21 साल है। उसका गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो दिन पहले ग्रामीणों ने दोनों को खेत में रंगरलियां मनाते हुए पकड़ लिया था। जिसके बाद काफी हंगामा हुआ था। युवती के परिवार ने युवक पर कार्रवाई की चेतावनी दी तो कस्बे में इस मसले को लेकर पंचायत हुई।

# अंश त्रुटि सुधार के लिए 26 जुलाई वह 14 अगस्त को तहसील में कैंप का आयोजन

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** उप जिलाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि तहसील मोदीनगर क्षेत्रान्तर्गत अंश त्रुटि सुधार की प्राप्त हो रही अत्यधिक शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में दिंनाक 26.07.2025 व 14.08.2025 को तहसील मोदीनगर में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषक अपने अंश सही कराये जाने हेतु ऑन लाईन आवेदन करा सकता है तथा राजस्व अभिलेखों में नाम सही कराने हेतु ( साक्ष्यों सहित) आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। जिसका प्राथमिकता पर निस्तारण किया जायेगा। उक्त कैम्प तहसील मोदीनगर सभागार कक्ष में लगाया जायेगा।

# समाजसेवी राजीव त्यागी ने कांवड़ियों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** कस्बा निवाड़ी निवासी प्रमुख समाज सेवी व्यापारी राजीव त्यागी पार्थ त्यागी अनमोल त्यागी गोलू त्यागी साबित त्यागी नरेंद्र त्यागी ने हरिद्वार से गंगा जल ले कर आ रहे शिव भक्तों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। कांवड़ियों को मेडल पहनकर सभी भक्तों का आदर सत्कार किया और उनको फिर प्रसाद करा कर उनकी सेवा की। बता दे राजीव त्यागी भाजपा नेता संजय त्यागी के छोटे भाई है। जो ठेकेदारी के व्यवसाय से जुड़े है और समाज की सेवा भंडारे में योगदान करना उनका सुन्दर कार्य है। उन्होंने गंग नहर पर लगाए गए कांवड सेवा शिविर में अपनी सेवाएं दी ।और 18 तारीख से हापुड़ आवास विकास के शिव मंदिर की कावड़ समिति के सदस्य के रूप मे विशाल भंडारे का कार्य कर रहे हैं।

# आकाश भोले द्वारा 101 लीटर जल लाने पर स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** सनातनी सेना द्वारा श्रावण मास के दूसरे सोमवार को पावन गंगा जल लेकर हर की पौड़ी हरिद्वार से निकले आकाश भोले निवासी ग्राम काजमपुर द्वारा पिछले पांच वर्षो से अपने वजन से दोगुना वजन का पावन गंगा जल लगातार लाते है। इस बार भी आकाश भोले द्वारा 101 लीटर जल लाने पर हमारी सनातनी सेना के अध्यक्ष अमित अग्रवाल नवरसन गुरूजी एवं निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने अपने दर्जनों सदस्यों के साथ महामाया माता सीकरी द्वार पर आकाश भोले को पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। आकाश भोले द्वारा बताया गया की शिवरात्रि को पावन गंगा जल से ग्राम काजमपुर शिवालय मे शिवजी को जलाभिषेक कर माता - पिता को गंगा जल से नहलाया जायेगा, भव्य स्वागत मे डा. राहुल गौड, प्रदीप कुमार, ओमकार सिंह कसनवाल, विकास चाणक्य क्लासेस, मा. बिजेंद्र जी, विनोद जागरण वाले,विनय गर्ग जोली, राजू, महेंद्र, आकाश कश्यप, अनिल कुमार, आदि सदस्य घंटा उपस्थित रहे।

# खेत में खाद डालने गए किसान की लाश गड्ढे में मिली

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी में मंगलवार सुबह एक किसान का शव खेत के पास पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय हरस्वरूप प्रजापति उर्फ गप्पे के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरस्वरूप सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपनी भाभी और बेटे विजय के साथ खेत में खाद डालने गए थे। खाद पहुंचाने के बाद भाभी और बेटा लौट आए, लेकिन गप्पे वहीं रुक गए। देर शाम तक उनके घर न लौटने पर परिजन खेत पहुंचे तो वहां खाद की बोरियां और चप्पलें पड़ी मिलीं, लेकिन गप्पे का कुछ अता पता नहीं चला। रात 9 बजे तक तलाश के बाद भी सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने बाबा कैलाशगिरी मणि मार्ग के किनारे एक पानी भरे गड्ढे में एक शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव की हालत देखकर स्पष्ट हुआ कि शरीर पर कोई गहरी चोट नहीं थी, हालांकि चेहरे पर हल्की खरोंचें थीं, जो संभवतः किसी जंगली जानवर के कारण हुई होंगी। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारण का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। हरस्वरूप की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्वर्णकार समाज ने 108 वी कांवड़ लाने पर सम्मानित किया

वेलकम इंडिया




मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)। स्वर्णकार समाज ने 108 वी कांवड़ लाने पर केसरपाल वर्मा का किया भव्य स्वागत किया गया।मोहित सोनी ने बताया कि मोदीनगर के बुदाना गाँव के वैध केसरपाल वर्मा (82 वर्ष) ने 108 वी कांवड़(लोंध में दो बार) लाकर रिकॉर्ड बनाकर स्वर्णकार समाज ही नहीं बल्कि पूरे मोदीनगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि वह सन-1971 से एक वर्ष में दो बार हर की पौड़ी (हरिद्वार) से निरंतर कांवड़ ला रहे है। उनके मोदीनगर आगमन पर नगर पालिका मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही स्वर्णकार समाज के सभी गणमान्य लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके हौसले को सलाम किया। इस अवसर पर संगठन से ब्रजमोहन वर्मा, मोहित सोनी, विष्णु वर्मा, मोंटी वर्मा, रिंकू वर्मा, ओमपाल वर्मा, वरुण वर्मा, महेश तायल, नवीन जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने अनूठे अंदाज में किया शिवभक्त का स्वागत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास की शिवभक्ति अपने चरम पर है और इसी भक्ति को और विशेष बनाने का दृश्य देखने को मिला मेरठ रोड स्थित नवीन अस्पताल के सामने, जहां विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा एवं परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में कांवडि ?ों के स्वागत में एक अद्वितीय आयोजन किया गया। मूसलाधार वर्षा के बीच जब शिवभक्त कांवड़ लेकर हरिद्वार की पावन धरती से लौटते दिखाई दिए, तब उन पर वर्षा के साथ पुष्प वर्षा भी की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह शिवमय और भावविभोर हो उठा। इस विशेष अवसर पर महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान, परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी. के. अग्रवाल, सिविल डिफेंस के शिवकुमार शर्मा, मास्टर स्वरूपचंद शर्मा, मदनपाल शर्मा और पूर्व पार्षद जयनंद शर्मा सहित कई प्रमुख सामाजिक व धार्मिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन सभी ने श्रद्धापूर्वक शिवभक्तों का



पुष्प वर्षा के माध्यम से स्वागत करते हुए इस बात का संदेश दिया कि श्रद्धा और सेवा साथ मिलकर जब अभिव्यक्त होती है, तब वह सामाजिक सौहार्द का स्वरूप बन जाती है। पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान ने इस अवसर पर कहा कि श्रावण मास का हिंदू धर्म में अत्यंत विशेष स्थान है। इस माह में भगवान शिव की आराधना से जीवन में शांति, समृद्धि और सिद्धि का संचार होता है। कांवड़ यात्रा को एक महान आध्यात्मिक तीर्थ के रूप में देखा जाता है, जहां गंगाजल लेकर भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि भोलेनाथ अपने भक्तों की हर प्रार्थना सुनते हैं और कांवड़ यात्रा करने वालों पर विशेष कृपा करते हैं। यही कारण है कि श्रद्धालु कठिन से कठिन मार्गों पर चलकर भी गंगाजल लाते हैं और शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी.के. अग्रवाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि मन, आत्मा और शरीर तीनों का समर्पण है महादेव के चरणों में। यह यात्रा बताती है कि भक्ति में शक्ति है और समर्पण में समाधान। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा अत्यंत सहज है। जो भी भक्त श्रद्धा से उनकी सेवा करता है, उनकी सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं। गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक कर भक्त जीवन की समस्त बाधाओं से मुक्ति प्राप्त करते हैं।

इस भव्य आयोजन के दौरान वातावरण में चारों ओर ₹हर हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के नारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने वर्षा के बीच पुष्पवर्षा को एक 'ईश्वरीय संयोगज बताया और कहा कि यह उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण बन गया है। कांवडियों ने इस अद्भुत स्वागत के लिए महासभा और ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्ति की इस यात्रा में ऐसा सम्मान उन्हें नई ऊर्जा देता है।

# कांवड़ियों पर की गई फूलों की वर्षा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन चौराहे पर सिविल डिफेंस के कलेक्ट्रेट प्रभाग की पोस्ट 7 की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं वार्डनों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार एवं आईसीओ अमित श्रीवास्तव के निर्देशन में पोस्ट 7 की ओर से आयोजित इस इस मौके पर सिविल डिफेंस के सहायक उपनियंत्रक गुलाम नबी के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की उपस्थित टीम ने गुलाब तथा गेंदें के फूलों से कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर पोस्ट 7 की पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल, डिप्टी पोस्ट वार्डन पल्लवी शर्मा, गगन अरोड़ा, मनोज कुमार गुप्ता, निखिल गर्ग, नीतू गर्ग, वंदना अरोड़ा, दीपक सिंह ने पूरा सहयोग किया। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारियों में हर्ष वर्मा, राजकुमार तोमर, संध्या त्यागी, ज्योति गुप्ता, प्रदीप बाली, शिवकुमार शर्मा, रमाकांत यादव, संजय खन्ना सहित दर्जनों वार्डन मौजूद रहे।

# दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एंबुलेंस ने छीनी तीन कांवडियों की सांसें, एफआईआर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास की पवित्र यात्रा पर निकले चार युवाओं की श्रद्धा उस वक्त हादसे की भेंट चढ़ गई, जब दिल्ली-मेरठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कादराबाद के पास तेज रफ्तार एंबुलेंस ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में तीन कांवडियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। घटना 19 जुलाई की है, लेकिन पीड़ित परिवार की ओर से रिपोर्ट सोमवार देर रात दर्ज कराई गई। मामले में दिल्ली के भोपरा शालीमार गार्डन निवासी लाल विहार ने अपने पुत्र अजय को लेकर रिपोर्ट लिखवाई है, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहा है। पीड़ित की तहरीर के अनुसार, अजय अपने दोस्त सचिन के साथ स्कूटी पर सवार होकर हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहा था। कादराबाद के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस ने स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मार दी। उसी समय पास से गुजर रही बाइक पर सवार दो अन्य कांवड़िए सामाविया और रितिक भी एंबुलेंस की चपेट में आ गए। इस भीषण हादसे में सचिन की मौके पर मौत हो गई, जबकि सामाविया और रितिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि एंबुलेंस बेहद तेज गति में थी और संभवतः चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एंबुलेंस को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मामला अब दर्ज कर लिया गया है और आरोपी चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस के अनुसार यह स्पष्ट रूप से लापरवाही और तेज रफ्तार का परिणाम है, जिसने तीन परिवारों को उजाड़ दिया। श्रावण मास के इस भक्ति भाव से भरे माहौल में कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र आयोजन में शामिल युवाओं की सड़क हादसे में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। कांवडियों की सुरक्षा को लेकर सवाल भी उठ खड़े हुए हैं।

# 'नगर निगम मुख्यालय में जन सुनवाई, आठ संदर्भों पर हुई कार्यवाही

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को संभव जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगरवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान कुल आठ जनसंदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश शिकायतें जलकल विभाग से संबंधित थीं। इस जनसुनवाई में जन प्रतिनिधियों, आम नागरिकों और निगम अधिकारियों की उपस्थिति ने इसे एक सार्थक संवाद का स्वरूप दिया। जनसुनवाई के दौरान विजयनगर क्षेत्र के बागू वार्ड-1 से एक महत्वपूर्ण संदर्भ प्राप्त हुआ, जिसमें पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 10 एचपी क्षमता के पंप को चालू करने की मांग की गई। वहीं, गांधीनगर क्षेत्र के नागरिकों ने सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में तेज वर्षा के बाद बार-बार जलभराव की गंभीर समस्या को उठाया। इन दोनों मामलों पर नगर आयुक्त ने तत्काल



प्रभाव से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस प्रकार की समस्याओं में कोई भी देरी अस्वीकार्य होगी और समाधान तुरंत सुनिश्चित किया जाए। जलभराव से निपटने के लिए नगर आयुक्त ने विशेष रूप से जलकल विभाग को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में सभी जोन, चाहे वे जलभराव के हॉटस्पॉट घोषित हों या नहीं, उन सभी क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पंप सेट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे इलाकों में जहां पानी की निकासी धीमी होती है या रुकावट आती है, वहां विशेष निगरानी रखते हुए अतिरिक्त पंपों की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए। नगर आयुक्त ने यह स्पष्ट कर दिया कि समस्या की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और नागरिकों को हर परिस्थिति में राहत महसूस होनी चाहिए। इस जनसुनवाई में प्राप्त आठ संदर्भों में से तीन जलकल विभाग से, जबकि शेष पांच अन्य विभागों से संबंधित रहे। निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, संपत्ति विभाग तथा टैक्स विभाग से एक-एक संदर्भ प्राप्त हुआ। सभी विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों व फील्ड स्टाफ को कार्यवाही के निर्देश जारी किए। नगर आयुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि प्राप्त शिकायतों पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूर्ण की जाए और शिकायतकर्ता को समाधान की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार सहित निगम के सभी वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'बोल बम की गूंज के बीच सेवा में समर्पित दिखे अफसर-कर्मचारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इन दिनों 'बोल बमज और 'हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज रहा है। कांवड़ यात्रा महोत्सव के पावन अवसर पर जहां पूरा शहर शिवभक्ति में लीन है, वहीं गाजियाबाद नगर निगम भी पूरी तरह शिवमय हो गया है। कांवड़ यात्रियों के स्वागत, सेवा और स्वच्छता व्यवस्था में नगर निगम की पूरी मशीनरी जुटी हुई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में भगवा रंग के ड्रेस कोड में तैनात 600 सफाई मित्र पूरे समर्पण भाव से काम कर रहे हैं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अगुवाई में नगर निगम के सभी विभाग निर्माण, जलकल, प्रकाश, स्वास्थ्य, उद्यान और स्वच्छता मिलकर एक समर्पित टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं। सड़कों की साफ-सफाई से लेकर शिविरों में भोजन, विश्राम, जल और प्रकाश की व्यवस्था तक, हर पहलू में निगम का समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। नगर निगम द्वारा आयोजित प्रमुख शिविरों में से एक साइ उपवन शिविर पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखा गया है। इस शिविर में कांवड़ यात्रियों को ठहरने, भोजन, स्नान और स्वास्थ्य सुविधा की समुचित व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त स्वयं शिविर में पहुंचकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं और भोजन वितरण जैसी सेवाओं में हाथ बंटा रहे हैं। शिविरों में पुष्प वर्षा का आयोजन भी भव्यता से किया गया, जिससे शिवभक्तों के चेहरे खिल उठे। नगर आयुक्त ने स्वयं शिविरों में कांवडि ?ों को भोजन परोसा और सेवा के इस भाव को नगर निगम की पहचान बताया। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि इस वर्ष नगर निगम ने महिला कांवड़ यात्रियों के लिए अलग से शिविर स्थापित किए हैं जिनमें विश्राम, स्नान, शौचालय और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। इन शिविरों में महिला सफाई मित्रों की अलग से ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसी भी महिला श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने पार्षदों, निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा भाव गाजियाबाद को एक आदर्श नगर निगम के रूप में स्थापित करता है। स्वास्थ्य विभाग के जोनल सैनिटरी ऑफिसर ओमपाल ने जानकारी दी कि सफाई व्यवस्था को दिन-रात चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए तीन शिफ्टों में 600 सफाई मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है। यह सफाई मित्र मिल्क दुहाई गांव से लेकर मेरठ रोड तिराहे, सीमापुरी बॉर्डर, मोहन नगर, कौशांबी, इंदिरापुरम, वसुंधरा और डायमंड फ्लाईओवर तक के सभी मुख्य रूट्स पर निरंतर सफाई कार्य में जुटे हुए हैं।

# अवैध कॉलोनी पर चला जीडीए का बुलडोजर

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण के खिलाफ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर कहर बनकर टूट रहा है। मंगलवार को प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने ग्राम गालन्द में लगभग 45,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैली एक अनाधिकृत कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। कॉलोनी को ग्राम गालन्द के खसरा संख्या 855, 856, 857, 878 व 877 पर विकसित किया जा रहा था, जिसे बिना किसी स्वीकृति के काटा गया था। यह पूरी कार्रवाई प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा अवैध निर्माणों और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ दिए गए सख्त निर्देशों के अनुपालन में की गई। प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में दीपक यादव ने ध्वस्तीकरण आदेश के अंतर्गत बुलडोजर चलवा कर इस कॉलोनी को ध्वस्त कराया। ध्वस्तीकरण के दौरान मौके पर निर्माणकर्ता ने जोरदार विरोध किया और कार्रवाई को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों और थाना धौलाना पुलिस बल की तत्परता से विरोध को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई पूरी कर ली गई।

# मेरठ रोड स्थित पिलर नंबर 534 कावड शिविर मे सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** युग परिवर्तन सेवा समिति निगम पार्षद प्रवीण कुमार (मुलायम) समाजसेवी किराना मण्डी सतीश सक्सेना योगेन्द्र यादव राजकुमार राणा आर के सिंहल यश सक्सेना कवि बृजनंदनपचौरी देवभूमि उत्तराखंड खजूरी खास दिल्ली दया नंद बहुगुणा ध्यान सिंह रावत महेश पंथ नन्द किशोर ज्ञान सिंह रावत सदीप दिवाकर गोरव रविन्द्र कवि जय प्रकाश मिश्रा डॉ अनिल सिंहल मुन्ना हेमन्त आशीष दूबे बी के एस पाल संजू गुप्ता लोकेश गोयल मेरठ रोड स्थित पिलर नंबर 534 कावड शिविर मे सम्मानित किया गया और उनके द्वारा सुंदर झांकी



को भी सम्मानित किया गया व आरती की गई इस मौके पर समिति के अध्यक्ष श्री सुनील त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी जी कोषाध्यक्ष प्रदीप चौधरी जी महामंत्री छोटेलाल कनौजिया योगेश शर्मा सतीश पांचाल फतेहचंद शर्मा सुरेश श्रीवास्तव अनूप सिंह रजनी पांचाल जितेंद्र शर्मा गिरधारी यादव रामधारी यादव अलका शुक्ला करतार सिंह कृष्ण गोपाल प्रमोद चौहान लक्ष्मण सुशील कुमार साबिर खान आशीष नीरज कुवर पाल नरेश भंडारी प्रमोद चोहान सुनील वर्मा अरुण कुमार गुप्ता नीरज कुमार अशोक गोयल आदि शामिल रहे।

# कांवड़ शिविर में भोजन कर रहे मासूम को श्मशान में ले जाकर पीटा

**गाजियाबाद।** थाना मुरादनगर क्षेत्र के गांव डिड़ौली से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 12 वर्षीय किशोर को कुछ युवकों ने श्मशान घाट ले जाकर बेरहमी से पीटा। यही नहीं, जब परिजनों ने विरोध किया और आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे, तो उन्हें भी बंधक बनाकर पीटा गया और धारदार हथियार से घायल कर दिया गया। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने मामले की शिकायत मोदीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस फिलहाल आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है। पीड़ित सुधीर त्यागी ने बताया कि उसका 12 वर्षीय भतीजा शुभ त्यागी दो दिन पहले गांव में लगे कांवड़ सेवा शिविर में भोजन कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक वहां आए और शुभ को जबरन श्मशान घाट ले गए, जहां उसकी बेरहमी से पिटाई की गई।

# कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धा में जुड़ा पुलिस-प्रशासन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास की पुण्य बेला में शिवभक्ति की अपार ऊर्जा के बीच गाजियाबाद पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए पूरी तत्परता से मैदान में डटा हुआ है। इसी क्रम में मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून-व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी ने मोहननगर तिराहा पर पहुंचकर कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की और उनकी सुरक्षित, शांतिपूर्ण व सफल यात्रा की कामना की। यह दृश्य श्रद्धा और प्रशासनिक सेवा भावना का ऐसा संगम बन गया, जहां पुलिस अधिकारी कांवडियों का अभिनंदन कर रहे थे और हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज रहा था। आलोक प्रियदर्शी की इस पहल ने श्रद्धालुओं के मन में विश्वास की भावना और गहराई से स्थापित कर दी। पुलिस आयुक्तालय द्वारा कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र में पैदल गश्त की गई।

# दूधेश्वरनाथ मंदिर में भाजपा नेता संगीत सोम ने किया जलाभिषेक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के पवित्र अवसर पर सोमवार को गाजियाबाद स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में श्रद्धा और आस्था का भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संगीत सोम ने मंगलवार को विधिपूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्म, सेवा व संस्कृति के संरक्षण में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी। श्री संगीत सोम ने धार्मिक विधि-विधान के साथ शिवलिंग पर गंगाजल, दूध और पुष्प अर्पित किए। उनके इस श्रद्धाभाव से वातावरण शिवमय हो उठा। मंदिर में गूंजते



हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चारों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मीडिया प्रभारी एस.आर. सुथार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना विशेष रूप से फलदायी मानी जाती है। इसी क्रम में श्री संगीत सोम ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ बाबा दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक कर उनसे लोककल्याण और राष्ट्र उन्नति की कामना की। श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, तथा दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि जी महाराज ने श्री संगीत सोम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि धर्म और संस्कृति की सेवा में सहभागी बनते हैं, तो वह समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी होता है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा और प्रचार-प्रसार में नेताओं की भागीदारी समाज में सकारात्मक संदेश देती है। साथ ही उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि वे श्रावण मास के दौरान अधिक से अधिक भक्ति, सेवा, संयम और साधना के मार्ग को अपनाएं और जीवन को आध्यात्मिक उन्नयन की ओर अग्रसर करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उपस्थित रहे। मंदिर की परंपरागत सजावट, शंखनाद, धूप-दीप की सुगंध और मंत्रोच्चारों से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया। मंदिर प्रशासन ने भी शिवरात्रि और श्रावण मास की विशेष भीड़ को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की।

# बारिश बनी राहत भी और परेशानी भी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एनसीआर के लोगों को मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक चौंका दिया। सूरज की तेज किरणों के बाद जैसे ही आसमान में काले बादल छाए, वैसे ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली के कई हिस्सों में सुबह होते ही बारिश ने दस्तक दी, जिससे जहां गर्मी से हल्की राहत मिली, वहीं दूसरी ओर सड़कें जलमग्न हो गईं और यातायात व्यवस्था चरमरा गई। बारिश के चलते कई मुख्य मार्गों पर जलभराव देखने को मिला। गाजियाबाद के कुछ इलाकों में तो हालात ऐसे बने कि दोपहिया वाहन चालक काफी देर तक सड़क किनारे बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। कई जगहों पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखे, जिससे ऑफिस जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।